
इंदौर, शनिवार 21 फरवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 100
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

आदिवासी संस्कृति उतरी इंदौर के गांधी हाल में



पेज-2

'उड़ने की आशा' में हिमांशी की एंट्री



पेज-5

भूमाफिया के साथ गठजोड़ में तहसीलदार को हटाया



पेज-6

### ब्लॉक स्तर पर संगठन विस्तार की तैयारी में कांग्रेस

# इंदौर में कार्यकारिणी के नाम मांगे, 4 ब्लॉक अध्यक्षों पर अब भी सहमति नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में संगठनात्मक मजबूती के लिए कांग्रेस अब ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी गठन की तैयारी में जुट गई है। प्रत्येक ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले वार्ड में एक महिला पदाधिकारी की नियुक्ति अनिवार्य की गई है, लेकिन अब तक किसी भी ब्लॉक अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी की सूची संगठन को नहीं सौंपी है। वहीं चार ब्लॉकों में अध्यक्ष पद पर सहमति नहीं बनने से घोषणा अटकी हुई है।

**हर वार्ड में महिला प्रभारी अनिवार्य**-निर्देशों के अनुसार ब्लॉक कार्यकारिणी में वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी के साथ प्रत्येक वार्ड में एक महिला प्रभारी की नियुक्ति अनिवार्य की गई है। इसके बावजूद अभी तक किसी भी ब्लॉक में वार्ड स्तर पर नियुक्तियां नहीं की गई हैं। संगठन की ओर से अब दोबारा नोटिस जारी करने की तैयारी है। ब्लॉक और वार्ड स्तर का गठन पूरा होने के बाद बूथ स्तर पर भी कार्यकारिणी बनाई जाएगी, जिसमें बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, महिला प्रभारी और बीएलए को शामिल किया जाएगा।




### 24 में से 20 ब्लॉकों में ही अध्यक्ष नियुक्त

*शहर में कांग्रेस के कुल 24 ब्लॉक हैं, जिनमें से 20 ब्लॉकों में अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। हालांकि नियुक्ति के बाद भी अब तक किसी ने अपनी कार्यकारिणी का गठन नहीं किया है। कांग्रेस के गांधी भवन से संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द अपनी-अपनी कार्यकारिणी की सूची शहर कांग्रेस को सौंपें।*

### चार ब्लॉकों में अध्यक्ष को लेकर असमंजस

*शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि जल्द ही ब्लॉक और वार्ड स्तर पर नियुक्तियां पूरी कर ली जाएंगी। हालांकि तीन नंबर विधानसभा क्षेत्र के तीन ब्लॉक और पांच नंबर विधानसभा क्षेत्र के एक ब्लॉक में अध्यक्ष पद को लेकर अब तक सहमति नहीं बन पाई है, जिसके कारण इन ब्लॉकों में नियुक्ति प्रक्रिया अटकी हुई है। संगठन का दावा है कि आपसी सहमति बनते ही लंबित ब्लॉकों में भी जल्द नियुक्तियां कर दी जाएंगी।*

### सिंहस्थ-2028 की तैयारी

# इंदौर के अफसर उज्जैन में प्रदेशभर के पुलिस जवानों को फायर सेफ्टी, क्राउड मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • सिंहस्थ-2028 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के तहत इंदौर के अफसर अगले हफ्ते से उज्जैन में शुरू होने वाले विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रदेशभर के 550 पुलिस जवानों को ट्रेंड करेंगे। इस दौरान वे जवानों को प्रयागराज, नासिक और हरिद्वार कुंभ के दौरान सामने आई चुनौतियों और सफल मैनेजमेंट के बारे में बताएंगे।

भीड़ बढ़ने पर ट्रैफिक कंट्रोल करने के साथ ही आग लगने की घटनाओं को रोकने और काबू पाने के लिए फायर सेफ्टी पर अलग से मॉक ड्रिल भी होगी। ट्रेनिंग सेशन में प्रदेशभर के हर जिले से 10 पुलिस जवान शामिल होंगे। ये जवान उज्जैन से ट्रेंड होकर अपने-अपने जिले में सिंहस्थ के लिए टीमों को तैयार करेंगे। ट्रेनिंग अलग-अलग सेशन में अगले दो साल तक चलेगी। इसमें उज्जैन और भोपाल के अफसर भी ट्रेनिंग देंगे।

**सिंहस्थ के दौरान हजारों श्रद्धालु इंदौर-ओंकारेश्वर भी जाते हैं**-सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आने वाले हजारों श्रद्धालु घूमने के लिए इंदौर और ओंकारेश्वर भी जाते हैं। ऐसे में यहां भी होटल, धर्मशालाएं, ट्रैफिक और सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने होंगे। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, इंदौर रेलवे स्टेशन और शहर के बस स्टैंडों पर यात्रियों की भारी संख्या के अनुमान को देखते हुए इंदौर में भी अतिरिक्त पुलिस बल, हेल्प डेस्क और मार्गदर्शन व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।

# इंदौर बनेगा अंगदान की राजधानी ऑनलाइन सहमति-पत्र भरवाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अंगदान को जनआंदोलन का रूप देने और शहर को देश का अग्रणी मॉडल बनाने की दिशा में मिताशा फाउंडेशन ने बड़ा अभियान शुरू करने की घोषणा की है। 'संकल्प एक लाख अंगदान से जीवनदान' नामक यह विशेष अभियान 3 से 30 अप्रैल तक इंदौर संभाग में संचालित किया जाएगा।

अभियान को कमिश्नर, कलेक्टर, इंदौर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाएं, इंदौर संभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस दौरान अधिक से अधिक नागरिकों को अंगदान के लिए प्रेरित किया जाएगा और इच्छुक लोगों से ऑनलाइन सहमति पत्र भरवाने की प्रक्रिया भी चलाई जाएगी। अभियान के तहत अप्रैल माह को संभाग स्तर पर 'अंगदान जागरूकता माह' के रूप में मनाने की तैयारी है।

### मिताशा फाउंडेशन का 'संकल्प एक लाख अंगदान से जीवनदान' अभियान अप्रैल में




विभिन्न विभागों, संस्थाओं और स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, बैठकें और विशेष संवाद आयोजित किए जाएंगे। ओपीडी और आईपीडी पर्चियों पर भी 'संकल्प एक लाख अंगदान से जीवनदान' का संदेश अंकित किया जाएगा, ताकि हर मरीज और परिजन तक यह संदेश पहुंचे। अभियान की नियमित समीक्षा और जिला स्तर पर निगरानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है और इस तरह का संगठित प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने नागरिकों से बड़ी संख्या में अभियान से जुड़ने और जागरूकता फैलाने की अपील की। इस पहल का लक्ष्य इंदौर को देश का पहला पूर्णतः प्रशासनिक रूप से संचालित अंगदान मॉडल बनाना है। जिसे आगे चलकर मप्र और पूरे देश में लागू किया जा सके।

### अप्रैल माह से चालू हो जाएगी रेवती रेंज पहाड़ी पर ट्रीटेड वॉटर सप्लाय

# 15 लाख पौधों को नगर निगम सीवरेज वॉटर को ट्रीट कर इस गर्मियों में सींचेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नगर निगम सीवरेज वॉटर को ट्रीटकर इंदौर में हरियाली बढ़ाने का काम कर रहा है। साल 2018 इस क्षेत्र में नगर निगम का ऐतिहासिक काम रहा है, क्योंकि नगर निगम ने इसी साल से सीवरेज वॉटर के रियूज की शुरुआत की थी। इसके लिए पहली बार मेघदूत पार्क में 4 एमएलडी ट्रीटेड पानी की क्षमता वाली टंकी बनाई गई थी। साथ ही कबीटखेड़ी से मेघदूत पार्क तक ट्रीटेड वॉटर सप्लाय लाइन डाली गई, जिससे 50 पार्क के 60 हजार पौधों को जीवित रखने के लिए ट्रीटेड पानी उपयोग किया गया। इसी क्रम में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाते हुए रेवती रेंज में लगे 15 लाख से अधिक पौधों को सीवरेज के ट्रीटेड वॉटर से जीवित रखने का प्रयास किया गया।

पौधों की कमी पूरी करने के लिए नर्सरी बनाई जनकार्य समिति प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने बताया कि नगर निगम ने रेवती रेंज पर बीते दो सालों में कुल 15 लाख पौधे अब तक लगाए जा चुके हैं, यह क्रम निरंतर चल रहा है। यही कारण है कि पौधों के लिए पानी और खाद-बीज की व्यवस्था रेवती रेंज पर विकसित की जा रही है। यहां नर्सरी भी बनाई जा रही है, ताकि अलग-अलग प्रजाति के वानिकी, फूल, फलदार पौधे विकसित किए जाएं। राठौर ने बताया कि नगर निगम रेवती रेंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगा।



### 8 माह पूर्व शुरू हुआ था लाइन डालने का काम

नगर निगम जनकार्य समिति प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने बताया कि कबीटखेड़ी से रेवती रेंज तक 8 किलोमीटर लाइनें डालने का काम 8 माह पहले शुरू किया था। अब तक सीवरेज ट्रीटेड वॉटर की लाइन अरबिंदो अस्पताल तक बिछाने का काम पूरा हो चुका है। हमारा प्रयास है कि मार्च 2026 तक लाइन डालने का काम पूरा हो जाए। अप्रैल माह में इस लाइन से रेवती रेंज तक ट्रीटेड वॉटर सप्लाय शुरू हो जाएगी। रेवती रेंज में नीचे पानी स्टोर करने के लिए टैंक बनाया गया है। यहां पानी स्टोर करने के बाद पहाड़ी पर पम्प कर पहुंचाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली में धमाके का अलर्ट, मंदिर को निशाना बना सकता है लश्कर-ए-तैयबा
- कांग्रेस से इस्तीफे के बाद अमित शाह के साथ भूपेन बोरा की मीटिंग, सीएम सरमा भी रहे मौजूद
- पीएम मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति की द्विपक्षीय वार्ता आज, दिल्ली में होगी बैठक
- चुनाव की तैयारी में जुटी आप, आज गुजरात दौरे पर जाएंगे अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान
- तमिलनाडु चुनाव 2026 : गठबंधन दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए डीएमके ने बनाई समिति
- 14 साल बाद सीरिया में अपना दूतावास फिर खोलेगा अमेरिका, सिविल वॉर के दौरान हुआ था बंद
- अमेरिकी कोर्ट से झटके के बाद ट्रंप का बड़ा एक्शन... सभी देशों पर लगाया 10% टैरिफ
- आरएसएस से जुड़े मानहानि मामले में आज भिवंडी कोर्ट में पेश होंगे राहुल गांधी
- दिल्ली : निर्माण कार्य के दौरान दिवार गिरने से दो मजदूरों की मौत
- ईरान से तनाव के बीच भूमध्य सागर पहुंचा अमेरिकी युद्धपोत स्स्फोर्ड
- पूर्वी लेबनान में इजरायली हमले, कम से कम 6 लोगों की मौत

# कैदियों का भागना नामुमकिन बढ़ाई जाएगी हाई-वोल्टेज सुरक्षा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • प्रदेश की सभी जेलों में अब हाई-वोल्टेज सुरक्षा होगी। सरकार ने अब प्रदेश की सभी सर्किल जेल, जिला जेल और उप जेलों को भी इलेक्ट्रिक फेंसिंग से लैस करने का फैसला किया है, जिससे यहां बंद कैदियों का भागना पूरी तरह बंद हो जाएगा। इससे पहले प्रदेश की केवल सेंट्रल जेलों को ही इलेक्ट्रिक फेंसिंग की सुविधा से लैस किया गया था। इस नई योजना के तहत जेल की दीवारों पर सोलर पावर्ड इलेक्ट्रिक फेंसिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जो न केवल इंट्रूजन अलार्म बजाएगा बल्कि जेल से निकलने की कोशिश करने वाले को इलेक्ट्रिक शॉक देकर इस तरह की कोशिश को रोक देगा। खास बात यह है कि सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं और काम जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। एमपी में कुल 11 सेंट्रल जेलों के अलावा 2 सर्किल जेल, 39 जिला जेल और 73 उप जेल हैं।

भोपाल में सिमी के आतंकियों ने जेल ब्रेक कांड को अंजाम दिया था। 2016 में दिवाली के दिन हुई इस घटना में एक जेल कर्मी की हत्या कर सिमी के आठ आतंकी फरार हो गए थे, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उन सभी का एनकाउंटर कर दिया था। इसी तरह 2021 में जिला जेल भोपाल से बी एक कैदी भाग निकला था।



**इन जिलों में लगेगा नया सिस्टम** : सर्किल जेल – रतलाम एवं शिवपुरी जिला जेल भोपाल, राजगढ़, शहडोल, सीधी, मंदसौर, गुना, सीहोर, रायसेन, विदिशा, सीधी, उमरिया, अनूपपुर, बेढ़न (सिंगरौली), झाबुआ, नीमच, अशोकनगर, श्योपुर, इंदौर, धार, खंडवा, मुरैना, भिंड, दतिया, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, शाजापुर, देवास, आगर-मालवा, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, बैतूल, हरदा, आलीराजपुर, खरगौन, डिंडोरी, मंडला और कटनी।

**उप जेल (जिला सब जेल)** : गंजबासौदा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, लटेरी, सरदारपुर, देपालपुर, सांवेर, महू, बड़वाह, बुढ़हार, ब्यौहारी, मऊगंज, त्यौंथर, बैहर, वारासिवनी, लखनादौन, अमरवाड़ा, तराना, बागली, सुसनेर, महिदपुर, सोनकच्छ, शुजालपुर, कन्नौद, बडनगर, सेवड़ा, जौरा, अम्बाह, सबलगढ़, डबरा, गोहद, मेहगांव, विजयपुर, लहार, गरोठ, जावरा, खाचरौद, सैलाना, जावद, बदनावर, नागौद, मैहर, लवकुशनगर, पवई, नौगांव, विजावर, सिहोरा, पाटन, बेगमगंज, जतारा, निवाड़ी, हटा, खुरई, रहली, मनावर, जोबट, करैरा, कोलारस, पिछोर, पोहरी एवं चाचौंड़ा।

**उलझन** | होलिका दहन के तीसरे दिन मनेगी धुलेंडी

# इस बार होली 4 मार्च को मनेगी, लेकिन सरकार ने छुट्टी 3 को घोषित की, अधिकारी-कर्मचारी असमंजस में

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**जबलपुर** • इस बार 2 मार्च को होलिका दहन होगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण पड़ने के कारण धुलेंडी (होली) 4 मार्च को मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो 50 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है।

इधर, सरकार ने होली की छुट्टी 3 मार्च को घोषित की है। ऐसे में प्रदेशभर के लाखों सरकारी अधिकारी-कर्मचारी और बैंककर्मी असमंजस में हैं। उनका कहना है कि सरकार को अवकाश की तिथि बदलनी चाहिए।

ज्योतिषाचार्य पं. चंद्रशेखर शर्मा के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 2 मार्च को शाम 5 : 55 बजे आरंभहोगी। 3 मार्च को शाम 5 : 07 बजे समाप्त हो जाएगी। इस अवधि में श्रद्धालु पूर्णिमा व्रत, पूजा और स्नान-दान जैसे पुण्य कार्य कर सकेंगे। होलिका दहन पर्व उदया तिथि के हिसाब से पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाएगा। अर्थात् 2 मार्च को होलिका दहन होगा। वहीं 3 मार्च को ग्रहण काल के कारण धुलेंडी पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा।



पूर्व में ऐसा कई बार हो चुका है कि त्योहार की पूर्व घोषित छुट्टी की तिथि बदली गई है। जैसे ईद का चांद दिखने के बाद छुट्टी की तारीख बदली गई। इस बार 4 मार्च का होली पर अवकाश घोषित करने के लिए मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपेंगे।
– **सुभाष वर्मा**, अध्यक्ष, मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी संघ

वस्तुत : होली के बाद धुलेंडी मनाई जाती है। इस वर्ष 3 मार्च को चन्द्रग्रहण होने से धुलेंडी 4 मार्च को मनाई जाएगी। ऐसा संयोग 50 साल पहले पड़ा था। ग्रहणकाल में कोई शुभ कार्य नहीं होते हैं। सूतककाल में व्रत रख सकते हैं।
– **पं. वासुदेव शास्त्री**, ज्योतिषाचार्य एवं पूर्व नगर पंडित महासभा

# भागीरथपुरा दूषित जल कांड से 35 मौतें...पोस्टमॉर्टम सिर्फ एक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 35 मौतों का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। पिछले दो दिन से विधानसभा में विपक्ष सरकार को इस मुद्दे पर घेर रहा है। शुक्रवार को विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा- इस विषय पर अब सदन में चर्चा नहीं होगी। इसके बावजूद विपक्ष का रुख आक्रामक बना हुआ है। इसी बीच इस गंभीर प्रकरण में जिन 35 मृतकों में से केवल एक युवक का पोस्टमॉर्टम कराया गया था, उसकी रिपोर्ट 'दैनिक भास्कर' को मिली है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस रिपोर्ट में भी फोरेंसिक विशेषज्ञ ने मौत का कारण (ओपिनियन) दर्ज नहीं किया है। स्थिति यह है कि 34 शवों का अंतिम संस्कार बिना पोस्टमॉर्टम के कर दिया गया और जिस एक का परीक्षण हुआ, उसमें भी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों के वास्तविक कारणों की पुष्टि कैसे होगी। इस मामले को करीब दो माह हो चुके हैं और यह लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। जिस युवक की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है, उसका परीक्षण 1 जनवरी को एमवाय अस्पताल में किया गया था।

# आदिवासी संस्कृति उतरी इंदौर के गांधी हाल में







**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● धार, झाबुआ, आलीराजपुर के जंगलों में बसी आदिवासी संस्कृति शुक्रवार को गांधी हॉल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनजातीय जत्रा के सांस्कृतिक संगम में देखने को मिली। जंगलों के बीच बसी इस परंपरा को लोगों के बीच बगैर किसी आंडबर के पेश किया गया। नृत्य की जीवंतता कहे या फिर खाने की मन छू लेने वाली महक। उम्र और समय का परिवर्तन संस्कृति से जुड़ाव को कम नहीं कर सकी। जन्म से मिली संस्कृति की विरासत को आदिवासी कलाकारों ने उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। इसमें कई प्रचलित गीतों में से एक छोटी सी उम्र में म्हारी सगाई कराई दी... पर खुले मन से नृत्य की प्रस्तुति देते नजर आए।



गांधी परिसर में ग्रामीण परिवेश को दशनि के लिए घास की टपरिया और कुएं जैसे दृश्य बनाए गए। ठेठ आदिवासी वेशभूषा में सील बट्टे और दाल व ज्वार के व्यंजनों को लेकर आलीराजपुर गुलवट का आदिवासी परिवार पहुंचा। इन्होंने उड़द की दाल के कच्चे बरे और ज्वार की रोटी और पकौड़े को प्लेट या पेपर के बजाए खाखरे (पलाश) के पत्तों पर तेल में तलने से पूर्व रखा। पत्ते गीले और खराब नहीं होते है। पेपर खराब हो जाता है।

**नई पीढ़ी पूरे मन से परंपरा को बढ़ा रही आगे :** झाबुआ के आदिवासी कलाकारों के साथ नृत्य की सुंदरता को लिए गांधी हॉल पहुंचे हिंदू सिंह अमलियार ने बताया कि इस नृत्य को उन्होंने बचपन से परिवार के साथ किया। हालांकि पिछले 20 वर्षों से इस परंपरा को मंच तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस नृत्य प्रस्तुति में टीम में कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं। इन सभी कलाकारों का कहना है कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। इसे देश व दुनिया का हर व्यक्ति समझे और सम्मानित करें। इसी उदेश्य से नृत्यों की प्रस्तुति बहुत ही सादगी के साथ दी जाती है।





**आनंदीलाल भावेल की प्रस्तुति आज :** सह संयोजक आशीष गुप्ता ने बताया कि जत्रा में सोशल मीडिया के साथ ही शादियों में सबसे ज्यादा डांस नंबर के रूप में पसंद किए जाने वाला गीत काका-बाबा ने पोरिया को हिट कराने वाले आनंदी लाल भावेल शनिवार को शहर पहुंचे। शाम को उनके ग्रुप द्वारा लाइव म्यूजिक और डांस प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### भगोरिया की सुंदरता और लोक कला का अद्भुत संगम

संयोजक गिरीश चौव्हाण व अध्यक्ष देवकीनंदन तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम भगोरिया नृत्य को शहर के दर्शक शनिवार और रविवार को भी देख सकेंगे। होली के त्योहार पर होने वाली ये प्रस्तुतियां हमेशा चर्चा में रहती है। इसके साथ ही पिथौरा आर्ट के साथ ही कपड़ों पर बनाई जाने वाली कलाकृतियों को भी देख सकेंगे।

---

**न्यूज ब्रीफ**

### दोपहिया वाहनों के कमर्शियल उपयोग का मामला हाको पहुंचा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दोपहिया वाहनों के कमर्शियल उपयोग का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। कई ऑनलाइन कंपनियों द्वारा शहर में बिना परमिट दो पहिया वाहनों को किराए से चलाने एवं उनके अन्य कमर्शियल उपयोग को लेकर हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है। लॉ स्टूडेंट आयुष की ओर से एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि शहर में रैपिडो, ओला, उबेर सहित अनेक कंपनियां ऑनलाइन किराए पर दो पहिया वाहन चला कर इनका कमर्शियल उपयोग रही हैं व सुरक्षा के नियमों की अनदेखी की जा रही है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने 10 अक्टूबर 2025 को इस निर्देश के साथ यह याचिका निराकृत की थी कि परिवहन एवं अन्य संबंधित विभाग मोटरवाहन अधिनियम, 1988 और मोटर वाहन प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। कोर्ट के आदेश का पालन नही किए जाने पर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर दी गई है।

### दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष का चुनाव 15 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद (कीर्ति स्तंभ) के अध्यक्ष का चुनाव 15 मार्च को होगा। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि चुनाव हेतु नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी नरेंद्र जैन पूर्व न्यायाधीश द्वारा जारी विस्तृत चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नगर में स्थापित मंदिरों के अधिकृत पदाधिकारियों से प्राप्त 728 प्रतिनिधियों की प्रारंभिक मतदाता सूची एवं विस्तृत चुनाव कार्यक्रम का प्रकाशन आज शनिवार 21 फरवरी को मुख्य चुनाव कार्यालय एस 118 यशवंत प्लाजा पर दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा। मतदाता सूची का अवलोकन दोपहर 12 से 4:00 तक 25 मार्च तक किया जा सकेगा एवं इसी अवधि में लिखित में प्राप्त सुझाव एवं आपत्तियां भी मय दस्तावेज स्वीकार की जाएंगी। आपत्तियों का निराकरण 26 फरवरी को किया जाएगा एवं 27 फरवरी को दोपहर12 से 4 बजे तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कार्यालय पर किया जाएगा। 28 फरवरी से 2 मार्च तक दोपहर 12 से 4:00 तक नामांकन फॉर्म प्राप्त एवं जमा किए जा सकेंगे।

---

## खुड़ैल टीआई करण सिंह शक्तावत पर जमीन पर कब्जा दिलवाने के आरोप, बिना यूनिफॉर्म पहुंचे थे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर पुलिस के खुड़ैल टीआई करण सिंह शक्तावत पर जमीन पर कब्जा दिलाने के आरोप लगे हैं। इस मामले के वीडियो भी सामने आए हैं। वीडियो में वह फरियादियों से सीधे कह रहे हैं कि जाओ, कोर्ट में केस लगा देना।

जमीन पर कब्जा दिलाने संबंधी एक नहीं, चार वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में पुलिस गाड़ी में बैठे हुए टीआई यूनिफॉर्म में नहीं हैं। उनके साथ पुलिस के कुछ जवान हैं और अन्य लोग भी हैं। इस दौरान एक महिला और पुरुष उनसे कह रहे हैं कि जमीन पर हमारा केस है और आप कोर्ट के विरुद्ध नहीं जा सकते हैं। इसमें टीआई कहते हैं, आप लगा दो केस कि कोर्ट के विरुद्ध जा रहा हूं। फिर महिला दूसरा वीडियो बनाती है। इसमें टीआई पुलिस गाड़ी में बैठे हुए हैं और उनके साथ आए लोग भी हैं। महिला कहती है कि यह हमारी जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए आए हैं, टीआई शक्तावत। टीआई बोले, पुलिस पर तो आरोप लगते रहते हैं। वहीं इस संबंध में खुड़ैल एसडीएम नीरज खरे से भी बात की। उन्होंने कहा कि इस मामले की जानकारी नहीं है। उनकी तरफ से कोई कब्जा दिलाने के आदेश नहीं हुए हैं और न ही पुलिस को कोई सूचना दी गई थी। (**साभार द सूत्र**)



### टीआई से सीधी बात

**सवाल :** वीडियो सामने आए हैं, क्या आप जमीन पर कब्जा करने गए थे?
**टीआई :** नहीं, कब्जा दिलाने वाली कोई बात नहीं है।
**सवाल :** वीडियो में आप पुलिस गाड़ी में हैं।
**टीआई :** वह डायल हंड्रेड पर सूचना आई थी कि विवाद हो सकता है। फरियादी की तरफ से फोन आया था, इसलिए हम गए थे।
**सवाल :** लेकिन क्या टीआई कब्जा दिलाने जाते हैं?
**टीआई :** विवाद करने वालों का जमीन से कोई लेना-देना नहीं है। वह महिला की मां 18 साल पहले ही जमीन बेच चुकी है। आरोप का क्या है, पुलिस पर तो लगते रहते हैं।

## बिजली कंपनियों के आउटसोर्स कर्मचारी नहीं होंगे नियमित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों में 55 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों से सेवाएं ली जा रही हैं और इन्हें नियमित करने की कोई योजना नहीं है। यह जानकारी ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कांग्रेस विधायक झूमा सोलंकी के सवाल के लिखित जवाब में दी। मंत्री ने बताया कि ये कर्मचारी आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से नियुक्त हैं और इन्हें श्रम आयुक्त द्वारा तय न्यूनतम मासिक वेतन दिया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि उच्च कुशल कर्मचारियों को 16,494 रुपए, कुशल कर्मचारियों को 14,869 रुपए, अर्द्धकुशल कर्मचारियों को 13,146 रुपए और अकुशल कर्मचारियों को 12,150 रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि आउटसोर्स कर्मचारी विद्युत वितरण कंपनियों के कर्मचारी नहीं हैं, बल्कि आउटसोर्स सेवा प्रदाता एजेंसियों के कर्मचारी हैं। इसलिए इनके नियमितीकरण का प्रश्न नहीं उठता और राज्य सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है।



---

## छावनी सड़क पर तोड़फोड़ की तैयारी, फिर लगा रहे निशान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर निगम ने एक बार फिर छावनी सड़क पर तोड़फोड़ की तैयारी कर ली है। कार्रवाई अगले सप्ताह शुरू हो सकती है। बुधवार-गुरुवार को निगम की टीम ने ज्यादातर बाधक निर्माणों पर निशान लगा दिए हैं। निशान पहले भी लगाए थे, लेकिन समय के साथ ये निशान समाप्त हो गए थे। निगम की टीम इस सड़क की चौड़ाई 80 फीट मानकर ही निशान लगा रही है। निगम की इस कार्रवाई से रहवासियों और दुकानदारों में आक्रोश है। मांग है कि सड़क की चौड़ाई 80 नहीं 60 फीट रखी जाए।

मधुमिलन चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला तक लगभग 870 फीट सड़क मास्टर प्लान योजना के अंतर्गत बनाई जाना है। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई 80 फीट प्रस्तावित है। सड़क चौड़ीकरण में 326 निर्माण बाधक हैं। रहवासी और दुकानदारों का कहना है कि यहां दशकों पुराने मकान हैं। ज्यादातर मकानों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। मकान के आगे के हिस्से में दुकानें बना दी गई हैं।

### महापौर परिषद सदस्य भी उठा चुके हैं मांग

रहवासियों के साथ जनप्रतिनिधि भी छावनी सड़क की चौड़ाई कम करने की मांग उठा चुके हैं। विधायक गोलू शुक्ला और महापौर परिषद सदस्य मनीष शर्मा मामा ने भी मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर हुई बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था, लेकिन सहमति नहीं बन सकी थी। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि मास्टर प्लान में शामिल किसी भी सड़क की चौड़ाई कम नहीं की जाएगी। अब जब बाधक मकानों पर दोबारा निशान लगाए जा रहे हैं तो एक बार फिर यह मामला उठ गया है।

**स्मार्ट सिटी में स्मार्ट पुलिसिंग-ड्रोन से रहेगी ट्रैफिक पर नजर**

## अगर ट्रैफिक नियम तोड़ोगे तो 'आसमान' से बनेगा चालान...

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्मार्ट सिटी में सबसे ज्यादा समस्या ट्रैफिक को लेकर ही है। हर जगह जाम तो आम बात हो गई है। ट्रैफिक से हलकान इंदौर वासियों को निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने अब आसमान से भी ड्रोन के जरिए पैनी नजर रखना शुरु कर दिया है। कहीं भी कभी भी ट्रैफिक नियम तोड़े तो बचना अब आसान नहीं होगा। पुलिस का मानना है कि ड्रोन से पेट्रोलिंग में ट्रैफिक पुलिस को काफी मदद मिलेगी। यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस लगातार नित नए प्रयास कर कार्यवाही करने में जुटी है। गुरुवार को पुलिस कमिश्नर इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक और नया कदम बढ़ाया है। शहर के यातायात को और व्यवस्थित व बेहतर करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा अत्यधिक ड्रोन तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है जिसके तहत शहर के प्रमुख चौराहा और मार्गों की डिजिटल मॉनिटरिंग हाई रेजोल्यूशन ड्रोन कैमरों के माध्यम से की जा रही है।



**रात में भी सडको व चौराहा पर बेहतर निगरानी**-इंदौर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। डिजिटल निगरानी प्रणाली अब शहर में सक्रिय की जा रही है। इसके माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध ई. चालान की प्रक्रिया ड्रोन फुटेज के आधार पर की जाएगी।

### किस तरह मिलेगा ड्रोन पेट्रोलिंग से लाभ



नियम उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही। जाम व यातायात बाधित होने की स्थिति में बेहतर कंट्रोल। दुर्घटनाओं की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया व सहायता।

---

**अंतिम व्यक्ति तक न्याय ही सामाजिक न्याय का उद्देश्य - जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान**

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर देपालपुर में विधिक जागरूकता का गरिमापूर्ण आयोजन

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय, समानता, सामाजिक सुरक्षा एवं विधिक अधिकारों की सुलभ पहुँच सुनिश्चित करना रहा।

अपने सारगर्भित उद्बोधन में जिला न्यायाधीश श्री हिदायत उल्ला ख़ान ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल एक दिवस मनाने का विषय नहीं है, बल्कि यह सतत् प्रयासों, संवेदनशील सोच और विधिक जागरूकता के माध्यम से सशक्त समाज के निर्माण की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत, वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाएँ आमजन को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, श्रमिकों, बच्चों एवं वंचित वर्गों को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया तथा नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा एवं मनोज देसाई ने भी संबोधित कर सामाजिक न्याय की अवधारणा, लोक अदालत की भूमिका, वैकल्पिक विवाद निस्तारण, तथा कमजोर वर्गों के संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।



सभी वक्ताओं ने विधिक साक्षरता को सामाजिक न्याय की रीढ़ बताते हुए कहा कि जब तक आम नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों से परिचित नहीं होगा, तब तक न्याय की परिकल्पना पूर्ण नहीं हो सकती। अधिवक्ताओं ने विधिक सेवा गतिविधियों में निरंतर सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा, सचिव दिनेश डोंड,जी.के.नायक, पंकज तिवारी, प्रकाश धाकड़, मनोज देसाई, विजयपुरी गोस्वामी, उमेश पटेल, अतीक़ ख़ान, चिंतामन परिहार, अर्जुन नागर,चेतन राठौर, प्रवीण रावल, श्रीराम भदौरिया एवं नायब नाजिर दिलीप यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव दिनेश डोंड द्वारा किया गया, जबकि अधिवक्ता प्रकाश धाकड़ द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द एवं न्याय के मूल्यों को व्यवहार में उतारने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल विधिक जागरूकता की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध हुआ, बल्कि समाज में न्याय, समानता और मानव गरिमा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रेरक संदेश भी देकर गया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 21 फरवरी 2026

## 24 को भोपाल आएंगे राहुल और खड़गे, ट्रेड डील के खिलाफ लड़ाई की मप्र से होगी शुरुआत

**भोपाल (एजेंसी)** • कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 24 फरवरी को भोपाल आएंगे, जानकारी के मुताबिक यहां किसानों से जुड़ा एक बड़ा सम्मेलन आयोजित होगा। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरुआत मध्य प्रदेश से की जाएगी। मप्र से आंदोलन की शुरुआत होगी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इस समझौते से सोयाबीन, कपास और मक्का उत्पादक किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों के हितों की इस लड़ाई को राहुल गांधी और खड़गे के नेतृत्व में देशभर में आगे बढ़ाया जाएगा, जिसकी शुरुआत मध्य प्रदेश से होगी।



### न्यूज ब्रीफ

### श्री ज्ञानेश्वरी पारणे का आयोजन 23 फरवरी को, गूंजेगी 'माऊली' की वाणी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • 'माझी माऊली समूह' द्वारा 23 फरवरी को श्री समर्थमठ संस्थान, पंतवैद्य कॉलोनी, इंदौर में श्रीज्ञानेश्वरी पारणे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 101 भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीज्ञानेश्वरी धार्मिक ग्रंथ का वाचन पूर्ण कर पारणे उत्सव मनाया जाएगा। उत्सव की अध्यक्षता सानंद न्यास के अध्यक्ष श्री जयंत भिसे करेंगे। कार्यक्रम में समूह संरक्षक डॉ. बाबासाहेब तराणेकर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण मिशन इंदौर के सचिव स्वामी निर्विकारानंदजी उपस्थित रहेंगे। समूह के श्री ललित नम्र एवं डॉ. सौ. मोनिका कर्डिले ने बताया कि श्रीज्ञानेश्वरी, संत ज्ञानेश्वर (ज्ञानेश्वर माऊली) द्वारा रचित भगवद्गीता की अत्यंत सरल और भावपूर्ण मराठी टीका है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर बुजुर्गों के बीच किए सेवा कार्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • ' छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती पर क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित चार दिवसीय महोत्सव में एयरपोर्ट रोड स्थित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के बीच सेवा कार्य कर उन्हें भोजन कराया। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत कुंजीर व मिलिंद दिघे,स्वाति मोहिते, संदीप खरनाल ने बताया कि क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित चार दिवसीय महोत्सव में वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच सेवा कार्य करें उन्हें अपने हाथों से भोजन कराया, सम्मान किया। आयोजनों पर फिजूल खर्ची को काम करते हुए बुजुर्गों के लिए सेवा कार्य किया जो सराहनीय कार्य रहा।

### रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर याज्ञवल्क्य जयंती पर आज से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री शुक्ल यजुर्वेदीय याज्ञवल्क्य संस्था इंदौर के तत्वावधान में फागुन शुक्ल पंचमी पर याज्ञवल्क्य जयंती के उपलक्ष्य में शुक्ल यजुर्वेद संहिता पारायण का आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पं. उपेन्द्र जोशी एवं सचिव पं. तुषार जोशी गुरुजी ने बताया कि अनुष्ठान में संभाजी नगर महाराष्ट्र के वेदमूर्ति पं. गौरव जोशी एवं वेदमूर्ति पं. पुष्पक शुक्ला वेद पारायण करेंगे। याज्ञवल्क्य जयंती पर संस्थान की ओर से वेदमूर्ति द्वय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। अनुष्ठान में शहर के अनेक वेद प्रेमी एवं विद्वानों के अलावा आम लोग भी शामिल होंगे।

### बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल प्रभावित, कृषि उपसंचालक सी.एल. केवड़ा गांव-गांव पहुंचे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर जिले में बीती रात हुई बेमौसम बारिश एवं तेज हवाओं के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। विशेष रूप से सांवेर, बालौदा, टाकून, पोटलोद, रतनखेड़ी, बसान्द्रा, नाहरखेड़ा, देपालपुर के नेवरी, चटवाड़ा, पिपलोदा खड़ी, तलावली, बैंगन्दा, सगडोद, हातोद तथा इंदौर तहसील के नैनोद, रिजंलाई, जम्मूडी हाप्सी, कलमेर, रोजड़ी महूं भगोरा सहित आसपास के गांवों में खेतों में तैयार फसल आड़ी (गिर) गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा प्रारंभ किया।

## भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आज दोपहर राजवाड़ा पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मोर्चा नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा, हरप्रीत सिंह बक्शी, भूपेंद्र सिंह केसरी, गोविंद पंवार की उपस्थिति में स्तरहीन राजनीति करने एवं झूठ फैलाकर इंदौर की छवि को धूमिल करने के विरोध में महिला मोर्चा द्वारा कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का पुतला जलाया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भागीरथपूरा में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से इंदौर एक हर नागरिक आहत हुआ और उस घटना से उबरने के लिए पूरा इंदौर एकजुट होकर खड़ा रहा, आपदा की घड़ी में संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा का एक एक कार्यकर्ता जनता के साथ खड़ा है। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय लगातार 4 दिन तक भागीरथपूरा में ही डटे रहे, और लगातार भाजपा कार्यकर्ता पीड़ितों के बीच रहे, लेकिन कॉंग्रेस पीडितों के बीच नहीं गई, ना पीड़ितों की सेवा की, केवल मौतों पर राजनीति कर रही है। उन्होंने



कहा मैं कॉंग्रेस से पूछना चाहता हूँ कि भोपाल गैस कांड जो एक हादसा नहीं सुनियोजित हत्याकांड था, जिसमें प्रदेश के 10000 से अधिक निर्दोष नागरिक हताहत हुए उनके आरोपी अपराधी को सरकारी गाड़ी और हवाई जहाज में बैठाकर भगाने का काम कॉंग्रेस के नेताओं और उनके तथाकथित परिवारों के संरक्षण में हुआ है, 1984 में हजारों निर्दोष सिखों का का नरसंहार हुआ, क्या सिख परिवारों में जाकर एक भी कॉंग्रेस नेता ने उनका दुख बांटने का काम किया ? श्री मिश्रा ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में लगातार आठवीं बार नंबर वन बना, लेकिन कॉंग्रेस के नेता बयानबाजी कर इंदौर की जनता की सहभागिता, सफाई मित्रों की मेहनत, अधिकारियों की कर्मठता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे है। कॉंग्रेस नेता लगातार झूठ फैलाकर इंदौर की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं और केवल मौतों पर राजनीति कर रहे है, ऐसी स्तरहीन राजनीति पर कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को शर्म आना चाहिए। उन्हें इंदौर की छवि को खराब करने पर इंदौर की जनता, स्वच्छता पुरूस्कार को फर्जीवाड़ा बताने पर कर्मवीर सफाई मित्रों व अधिकारियों से माफ़ी मांगना चाहिए।

### शहर की बेटी दहेज की भेंट चढ़ी

- लगातार दहेज के लिए किया जाता था प्रताड़ित
- 9 लाख दे चुके थे माँ बाप लेकिन फिर भी नहीं बच सकी बेटी की जान
- दहेज की बढ़ती मांग और वाहन के लालच नें छीन ली बेटी की जिंदगी
- पुलिस नें दर्ज की मामूली धाराओं में एफआईआर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर के खुड़ेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले इन्दर सिंह पँवार को सदमा जब लगा की अपनी बेटी को ससुराल मे खुश रहने के एवज 9 लाख देने के बाद भी बेटी की मौत को नही रोक पाए, इसके बाद गौतम पुरा थाना के अधिकारीयों द्वारा आवेदन के उलट ही दर्ज की स्न्ढ्क्र, उसके बाद दुबारा पीड़ित पिता द्वारा लगाई ग्रामीण स्क्क को न्याय की गुहार, जिसमे पिता द्वारा आरोपियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की है



## दुनिया का सबसे पतला 8000 एमएएच स्मार्टफोन पोवा कर्व 2 आज से बिक्री के लिए उपलब्ध

**दैनिक इंदौर संकेत**




**इंदौर** • आज के समय में पावर का मतलब है – सहनशक्ति , निरंतरता और दिन भर की चुनौतियोंके बावजूद कनेक्टेड रहना। काम के लंबे दिनों से लेकर अविश्वसनीय नेटवर्क तक, रोज़मर्रा की ज़िंदगी बहुत कुछ मांगती है। और अब, इंतज़ार आखिरकार खत्म हो गया है। पोवा कर्व 2 आधिकारिक तौर पर आज, 20 फरवरी से बिक्री के लिए उपलब्ध है, जो वास्तविक दुनिया के संघर्ष के लिए डिज़ाइन किए गए स्लिम, कर्व्ड डिज़ाइन में अत्यधिक सहनशक्ति लेकर आया है। पोवा ने हमेशा स्मार्टफोन को पहचान का बैज माना है, जिसे खास तौर पर बोल्ड इंडियन स्पिरिट के लिए बनाया गया है। जहां ओरिजिनल पोवा कर्व ने अपने इनोवेटिवएस्थेटिक्स से अलग पहचान बनाई थी, वहीं पोवा कर्व 2 एक बड़ी छलांग है। स्पेसक्राफ्ट इंजीनियरिंग की शानदार सटीकता से प्रेरित होकर, यह कूल फैक्टर को कुछ ज़्यादा शार्प और सोफिस्टिकेटेड बनाता है, एक लॉन्चपैड-रेडी डिज़ाइन जो भीड़ में सबसे अलग दिखने के लिए बनाया गया है। तकनीक और डिज़ाइन के इस शक्तिशाली संयोजन को पूरे भारत में उपभोक्ताओं तक पहुँचाते हुए, पोवा कर्व 2 एक आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है: यह स्मार्टफोन अभी फ्लिपकार्ट और देश भर के बड़े रिटेल स्टोर पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। खरीदार बड़े बैंक और NBFC पार्टनर से 3,000 रुपये तक का कैशबैक भी पा सकते हैं। भारतीय उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया एला एआई 2.0, स्मार्ट अनुभव को और बेहतर बनाता है। हिंदी, बंगाली, तमिल, गुजराती और मराठी में बहुभाषी समर्थन के साथ, एला एआई दैनिक बातचीत को अधिक सहज बनाता है। यह डिवाइस अपने सेगमेंट में भारत का पहला ऑल– सिनारियो एआई नॉइज़रिडक्शन भी पेश करता है, जो कॉल, वीडियो मीटिंग और गेमिंग चैट के दौरान स्पष्ट आवाज़ की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। पोवा कर्व 2 के मुख्य भाग में सेगमेंट–लीडिंग8000 एमएएच की बैटरी है, जिसे बहुत ही शानदार ढंग से 7.42mm की स्लिमप्रोफ़ाइल में पैक किया गया है और इसका वज़न सिर्फ 195 जी है। स्मार्टफोन में 144एचजेड कर्व्ड AMOLED डिस्प्ले भी है जिसमें आई कम्फर्ट टेक्नोलॉजी है, जो लंबे समय तक उपयोग के दौरान आंखों के तनाव को कम करते हुए सहज विज़ुअल प्रदान करता है।

### 2026 की कोमेड-के और यूनि-गॉज की प्रवेश परीक्षा 09 मई को होगी आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कोमेड-के यू-जी-ई-टी / यूनी-गॉज 2026 एंट्रन्स एग्ज़ामिनेशन शनिवार, 09 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह एकीकृत नेशनल-लेवल टेस्ट पूरे भारत में अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग एडमिशन के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसके माध्यम से कर्नाटक के 150+ इंजीनियरिंग कॉलेजेज़ और देशभर के 30+ रेप्यूटेड प्राइवेट, सेल्फ-फंडेड और डीम्ड यूनिवर्सिटीज़ में प्रवेश मिलता है।यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए है जो बी.ई./बी.टेक प्रोग्राम्स में प्रवेश लेना चाहते हैं। ये प्रोग्राम्स कर्नाटक अनएडेड प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजेज़ एसोसिएशन (कूपेका) से संबद्ध संस्थानों और यूनी-गॉज मेंबर यूनिवर्सिटीज़ द्वारा ऑफ़र किए जाते हैं। यह कंप्यूटर-बेस्ड टेस्ट पूरे भारत के 200+ शहरों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 400+ टेस्ट सेंटर्स शामिल होंगे। लगभग 1,40,000 स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। देशभर के सभी उम्मीदवार इस परीक्षाके लिए अप्लाई करने के योग्य हैं।

### कलश यात्रा के साथ होगा सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ

**इंदौर** • धार रोड स्थित धरावरा धाम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्याम दास महाराज की 17 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 22 से 28 तक होने वाले मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ रविवार को धरावरा गाँव से धरावरा धाम तक दिव्य कलश यात्रा के साथ महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में होगा। भागवत ज्ञान यज्ञ में प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ आचार्य पं. ब्रजकिशोर नागर व्यास पीठ पर विराजित होकर भागवत कथामृत की वर्षा करेंगे।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर धर्मेंद्र के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • एक सोशल मीडिया वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कॉमेडी वीडियो बनाने वाले इन्फ्लुएंसर धर्मेंद्र बिलोटिया के खिलाफ अन्नपूर्णा थाने में आवेदन दिया गया है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर आपत्तिजनक नारे लगाते हुए नजर आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल इंदौर के अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने विवाद खड़ा कर दिया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर धर्मेंद्र बिलोटिया वीडियो में आपत्तिजनक नारे लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र बिलोटिया कॉमेडी कंटेंट बनाकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करते हैं। वायरल क्लिप सामने आने के बाद कुछ लोगों ने इसे गंभीर बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल अन्नपूर्णा थाना पुलिस वायरल वीडियो की सत्यता और संदर्भ की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**धर्मेंद्र बिलोटिया से जुड़े पुराने मामलों और विवादों में मुख्यत: ये घटनाएँ सामने आई हैं:**

**सड़क तुलना विवाद:** दुबई की सड़कों को दिखाकर उन्होंने मध्यप्रदेश की सड़कों की हालत पर सवाल उठाए। इस वीडियो में उन्होंने भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया, जिसके बाद करणी सेना और अन्य संगठनों ने विरोध किया और उनका पुतला जलाया ।

**महिला पुलिसकर्मियों पर टिप्पणी:** उनके एक वीडियो में महिला पुलिसकर्मियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जिससे विरोध और बढ़ गया ।

**राजनीतिक तंज:** उन्होंने खुद को नेता के किरदार में दिखाते हुए मध्यप्रदेश की सड़कों की दुबई से तुलना की। यह रील वायरल हुई और स्थानीय विधायक तक ने घटिया सड़क निर्माण पर सवाल उठाए।

> फिलहाल अन्नपूर्णा थाना पुलिस वायरल वीडियो की सत्यता और संदर्भ की जांच कर रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **राजेश दंडोतिया,एडिशनल डीसीपी**



**गांधीनगर** ● स्थानीय विधायक मनोज पटेल समर्थक अनिल साठे द्वारा गांधीनगर नया बसेरा में काली माता मंदिर के पास अतिक्रमण कर लिया गया और होली का डंडा जहां पर गडा था वहां पर तीन सेट डालकर अतिक्रमण कर लिया गया।और क्षेत्र का पानी भी बंद कर दिया जिससे महिलाएं बहुत परेशान है।मुख्य रूप से दीपिका बोरासी भैरू बाई सोनू बाई दिनेश भैया अंगूरी बाई हजारी भैया भंवरी बाई राजू बाई जमुना चौहान निर्मला बाई सिद्धू बाई मैं चेतावनी देते हुए कहा है जाकर सरकार ने यह तीन सेट नहीं हटाया और हमारा पानी शुरू नहीं कराया गया तो हम सभी महिलाएं क्षेत्र के पार्षद के कार्यालय का घेराव करेंगे।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## सम्पादकीय

### एआइ बदलेगा विकास का भविष्य, दिल्ली समिट से उभरीं संभावनाएं और चुनौतियां

स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की जा रही है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित 'इंडिया-एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026' में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है और आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है, इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी। पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है। निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि एआइ अब भविष्य की दुनिया का एक यथार्थ है और विकास की पटकथा तैयार करने में इसकी अहम भूमिका होने जा रही है।

# बेटो को रास नहीं आ रहे है बूढ़े माँ-बाप

कुछ दिनों से वाट्स अप पर एक लघु कथा वाइरल हो रही है जिसका संक्षिप्त यह है कि एक बेटा माँ को घूमाने के बहाने से ले जाकर एक वृद्धाश्रम में छोड़ देता है । जब बेटा वहाँ से वापस जाने लगता है तो माँ उसे बुला कर कहती है कि तुमने मुझे घूमाने के बहाने से लाकर वृद्धाश्रम में छोड़ दिया इस बात का गम नहीं है मैं तो तुम्हें केवल एक बात कहना चाहती हूँ कि मैंने तेरा जन्म के पूर्व पाँच लड़कियों की भ्रण हत्या कारवाई थी तब तुमको जन्मा था । आज शायद उसी पाप की सज़ा मुझे मिल रही है । तो ऐसे तो कई किस्से सुनने को या देखने को मिलते है कि लोग अपने माता - पिता को वृद्धावस्था के समय वृद्धाश्रम में छोड़ देते है , पर हाल ही एक ऐसे कलयुगी बेटे का समाचार मिला है जिसने अपनी माँ को वृद्धाश्रम के बजाय मुंबई की सड़कों पर मरने के लिए छोड़ दिया । कुछ समय पूर्व की घटना है दक्षिण मुंबई स्थित बॉम्बे अस्पताल के पास सड़क पर दिलीप नामक एक युवक अपनी 85 वर्षीय माँ हंसा राजपूत को छोड़ कर भाग गया । लगातार बारिश होने के कारण माँ हंसा बीमार हो गई थीं और सड़क पर बैठी रो रही थीं । किसी भले आदमी ने उसे पास के अस्पताल में भरती करा दिया । अब भी माँ 15 दिन से अस्पताल में अपने बेटे को बार - बार पुकारती इस माँ को भले ही बेटे ने चलती कार से धकेल दिया फिर भी इस माँ की आँखें हर दिन अपने बेटे के आने की रह तक रही है ।

उदाहरण और घटनाए और भी है । एक बूढ़ी मां को दिल्ली के एक गुरुद्वारे में इसलिए शरण लेनी पड़ी क्योंकि उस बूढ़ी मां को उसके अपने बेटे ने जंगल में छोड़ दिया। बेटे ने अपनी मां को हरिद्वार ले जाने के बहाने घर से अपने साथ लिया और मोदीनगर के पास जंगल में उसे अकेला छोड़कर चला गया। इस वृध्दा को न तो ठीक से दिखाई देता है और न ही उसके पास घर का पूरा पता वगैरह है कि वह किसी के सहारे अपने घर लौट सके। किसी ने उसे भटकते हुए पाया तो गुरुद्वारे तक पहुंचाया।

आज जो सामाजिक सोच में परिवर्तन आ रहा है तथा मानव मूल्यों का जो क्षरण हो रहा है, नैतिकता का नामोनिशां मिटने की ओर है, इसका इससे प्रबल कोई उदाहरण और क्या मिलेगा? जिन बच्चों को पाल-पोष कर बड़ा करने के लिए माता-पिता अपना पेट काटकर एक-एक पैसा जोड़ते हैं। अपना मन मसोसकर, अपनी अति आवश्यक जरूरतों को भी दरकिनार कर बच्चों की पढ़ाई के लिए या उनको रोजगार दिलाने के लिए, उनका काम धंधा जमाने के लिए मां-बाप क्या नहीं करते, उन्हीं मां-बाप के साथ आज उन्हीं की जायी संतानें ऐसा बर्ताव करती हैं कि बेशर्मी भी शर्मा जाए। कहीं कोई अपने मां-बाप पर हाथ उठा रहा है तो कोई उन्हें दो वक्त की रोटी देने से मुंह मोड़ रहा है। कहीं कोई उन्हें घर से बेदखल कर फुटपाथ पर जीवन बसर करने को



मजबूर कर रहा है तो कोई अपने माता-पिता को इसलिए वृध्दाश्रम छोड़कर आ रहा है क्योंकि उनकी छोटी-छोटी बातें, उनका स्वभाव, उनका रहन-सहन परिवार के अन्य सदस्यों को, मसलन, पुत्र-पुत्रवधू, पोता-पोती को रास नहीं आ रहा।

आज व्यक्ति अपनी सुख सुविधाएं जुटाने में इतना मशगूल है कि उसकी रात की नींद और दिन का चैन गायब है। प्रतिस्पर्धा में वह सबसे आगे रहना चाहता है। हर व्यक्ति को, उसके परिवार को वह सब कुछ चाहिए, जो दूसरों के पास है। जो इतना जुटा चुके हैं, वे गुलछर्रे उड़ा रहे हैं, अय्यासी कर रहे हैं, मौजमस्ती में लुटा रहे हैं। जिनके पास लुटाने के लिए नहीं है, वे जुटाने में लगे हैं। इन प्रयासों में माता-पिता की घर में उपस्थिति बाधक बनती है। आदमी को लगता है कि मां-बाप के कारण वह काफी बंधा हुआ है। पति पत्नी और बच्चों की स्वच्छंदता में वे बूढे माता-पिता कहीं रोड़े बन रहे हैं। घर में आते-जाते उनका टोकना उन्हें नहीं भाता। अनेक घरों में बूढे लोग जिंदा लाश के समान हैं। मर तो सकते नहीं, क्योंकि मरना भी आसान नहीं है, जिंदा केवल शरीर है। मन मर चुका है, भावनाएं दबी पड़ी हैं, ममता मरने को मजबूर है, स्नेह सूख रहा है। बूढ़े लोगों की उपयोगिता घर की रखवाली तक सीमित रह गई है। कहीं-कहीं पर वृध्दजनों का औपचारिक ध्यान रखा जाता है क्योंकि पुश्तैनी प्रापर्टी उनके मालिकाना हक में होती है तो उन्हें खुश रखना जरूरी होता है। किसी बुजुर्ग के पास नकदी या आभूषणों से भरी कोई संदूक (पुराने जमाने में ऐसे ही संपत्ति सहेज कर रखी जाती थी) है तो उसको खुशी-खुशी पाने की ललक में भी बुजुर्ग की देखभाल की जाती है। हालांकि आजकल तो ऐसा होना जोखिम भरा काम भी हो गया है। कुछ सिरफिरी संतानें तो बूढ़ों के मरने का इंतजार करने के बजाय प्रापर्टी जल्दी पाने के चक्कर में उन्हें ठिकाने तक लगा देते हैं।ऐसा नहीं है कि बूढे-अशक्त मां-बाप के हक की सुरक्षा के लिए कानून नहीं है परन्तु या तो ऐसे कानूनों से लोग, खासकर वृध्द लोग अनभिज्ञ हैं या फिर कोर्ट कचहरियों में चक्कर लगाने की असमर्थता के चलते प्रताड़ित होते हुए भी वृद्ध जन शिकायत नहीं करते। इससे भी ज्यादा, अपनी संतान के प्रति मोह के चलते बूढ़े मां-बाप कोई कानूनी लड़ाई नहीं लड़ना चाहते। वे अपने परिचितों, रिश्तेदारों के समक्ष तो अपना दुखड़ा रो देते हैं परन्तु अदालतों या पुलिस का दरवाजा नहीं खटखटाते। उन्हें लगता है कि 'ज्यादा गई, थोड़ी रही', क्यों अपनी ही संतान को अदालत में घसीटें। इसलिए सब कुछ सहते रहते हैं। ऐसे में सरकार को एक हेल्प लाइन नंबर शुरू करना चाहिए ,जिससे बुजर्गों को मदद मिल सके । साथ ही हर सरकारी अस्पताल में एक स्पेशल वार्ड बने ताकि बुजुर्गो को वहाँ रहने में मदद मिल सके और उनका समय पर सही इलाज हो सकें। वैसे सरकार व अदालात्तें बुजुर्गो के लिए बहुत कुछ कर रही है .छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के बीते दिनों आए फैसले की हम बात करे। रायपुर के कासिमपारा क्षेत्र के रहने वाले सेवालाल बघेल का आरोप था कि उनके बेटे और बहू रायपुर में उनके ही मकान में रहते हैं लेकिन उनकी देखभाल नहीं करते हैं। वह सरकारी नौकरी से रिटायर हुए थे। मकान को बुजुर्ग ने खुद खरीदा था लेकिन बेटे-बहू उन्हें अपने ही घर से निकालने के धमकी दिया करते थे। इस वजह से वह अपने बड़े बेटे के यहां रह रहने को मजबूर थे। बेटे-बहू की प्रताड़ना से तंग आकर सेवालाल ने रायपुर कलेक्टर के यहां मैंटिनेंस ऐंड वेल्फेयर ऑफ पैरेंट्स ऐंड सीनियर सिटिजन ऐक्ट, 2007 के तहत शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर ने उन्हें राहत देते हुए बहू-बेटे को 7 दिनों के भीतर मकान खाली करने का आदेश दिया। साथ में बुजुर्ग को हर महीने 5 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। कलेक्टर के इस आदेश को बेटे नीरज बघेल ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में चुनौती दी लेकिन कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी। जस्टिस दीपक तिवारी की बेंच ने बेटे को 7 दिनों के भीतर मकान खाली करने के कलेक्टर के आदेश को सही ठहराया। हालांकि, बुजुर्ग को हर महीने 5 हजार रुपये गुजारा भत्ता का आदेश निरस्त कर दिया क्योंकि पेंशन की वजह से उनके सामने गुजारे के संकट जैसी कोई समस्या नहीं थी। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर बुजुर्ग पिता की देखभाल नहीं करते हैं तो बेटे का मकान पर अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि परंपरा की अनदेखी, लोकाचार और नैतिकता में गिरावट की वजह से बुजुर्गों को नजरअंदाज करने की भावना बढ़ी है। नवंबर 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने बुजुर्ग बाप को हर महीने 10 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने में आनाकानी करने वाले एक बेटे को कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा कि बुढ़ापे में मां-बाप की देखभाल करना न सिर्फ बेटे का नैतिक फर्ज है बल्कि कानूनी बाध्यता भी है। 72 साल के बुजुर्ग राजमिस्त्री थे। उनके 2 बेटे और 6 बेटियां थीं। बुजुर्ग दिल्ली के कृष्णानगर में 30 वर्गगज के मकान में अपने बड़े बेटे के परिवार के साथ रहते थे। घर का पहले ही परिवार के सदस्यों के बीच बंटवारा हो चुका था। लेकिन शादीशुदा बेटियों ने अपनी हिस्सेदारी को पिता के लिए छोड़ रखा था जिस वजह से उन्हें घर के कोने में रहने के लिए एक बहुत ही छोटी सी जगह मिली थी। लेकिन बेटों ने उनके गुजारे और उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए खर्च देना बंद कर दिया। 2015 में बुजुर्ग ने फैमिली कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने उनके रियल एस्टेट डीलर बेटे को अपने पिता को गुजारे के लिए हर महीने 6 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया, वह भी 2015 की शुरुआत से। इस तरह बेटे को मासिक गुजारा भत्ता के अलावा एरियर के साथ एकमुश्त 1,68,000 रुपये अदा करने को कहा लेकिन उसने सिर्फ 50 हजार रुपये ही जमा किए। बाद में ट्रायल कोर्ट ने गुजारा भत्ता की रकम को 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपये महीना कर दिया और बकाया एरियर को नए रेट पर अदा करने को कहा। इसके बाद बेटा गुजारा भत्ता देने से बचने के लिए तमाम फोरमों में याचिकाएं दाखिल करने लगा। कभी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट तो कभी दिल्ली हाई कोर्ट और आखिरकार सुप्रीम कोर्ट में। शीर्ष अदालत में बेटे ने दलील दी कि उसकी आर्थिक स्थिति 10 हजार महीना गुजारा भत्ता देने की नहीं है। उसकी बहानेबाजियों पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि बुजुर्ग मां-बाप की देखभाल करना बेटे का न सिर्फ नैतिक फर्ज है बल्कि कानूनी बाध्यता भी है। इस प्रकार के कई कानून सरकार व अदालतों ने बनाये तो है पर वे सब कागजों पर रह जाते है । सरकार को चाहिए कि वह एक टास्क फ़ोर्स बना कर इन कानूनों की अमल बजावनी करें । हर शहर में सीनियर सिटीजन होम /एसोसिएशन है वहां जाकर सीनियर सिटीजन से सीधे संपर्क करें व उनकी समस्याए सुने ।

**अशोक भाटिया,**
कार्यकारणी सदस्य -वसई ईस्ट सीनियर सिटीजन एसोसिएशन

## आंचलिक

### धन दोगुना करने का झांसा देकर ठगी, दो भिक्षुक वेशधारी गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले के बेड़िया में एक बुजुर्ग महिला को गहने दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो भिक्षुक वेशधारी आरोपियों को शुक्रवार शाम गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने महिला से सोने की पांचाली लेकर फरार हो गए थे। वारदात 14 फरवरी को डाल्याखेड़ी की 75 वर्षीय महिला के साथ हुई। पीड़ित महिला ने बेड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि दो व्यक्ति फकीर के वेश में उसके घर आए। भिक्षा मांगते समय उन्होंने महिला के गले में पहनी सोने की पांचाली देखी और धार्मिक आस्था का लाभ उठाते हुए कहा कि अगर महिला अपनी पांचाली एक डिब्बे में रख दे, तो वे उसे रुपए-पैसों से भरकर दोगुना कर देंगे। महिला ने उनकी बातों पर विश्वास कर स्टील के डिब्बे में अपनी पांचाली रख दी और डिब्बा फकीरों को दे दिया। जब महिला पूजा के लिए कुमकुम लेने अंदर गई, तो दोनों फकीर डिब्बे की 'पूजा' करने के बहाने वहां से चले गए। बाद में महिला ने डिब्बा खोला, तो उसमें पांचाली की जगह नकली चेन और लॉकेट मिला। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) और 3(5)बी के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने संभावित रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की पहचान की। सूचना मिली कि फकीरों का हुलिया खामखेड़ा निवासी कालू पिता लखन नाथ और कमल पिता दिनेश नाथ से मिलता-जुलता है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिस पर उन्होंने वारदात करना कबूल कर लिया।

### कांग्रेस ने तीन मंत्रियों के पुतले फूंका मंत्री बेलगाम, सरकार चुप : कांग्रेस



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● कांग्रेस ने प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत रैली निकालकर तीन मंत्रियों के पुतले फूंके। यह प्रदर्शन कथित दूषित पानी कांड, कफ सिरप मामले और सेना व बेटियों के अपमान के विरोध में किया गया। कांग्रेस ने मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की है। इस प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि नाईक के नेतृत्व में 50 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र शुक्ल और विजय शाह के खिलाफ नारेबाजी की। पुतलों पर तीनों मंत्रियों के फोटो लगाए गए थे। पुतले दहन के बाद कार्यकर्ताओं ने लात मारकर विरोध जताया। आंदोलन के दौरान किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए नगर पालिका के माध्यम से प्रशासन ने फायरफाइटर की व्यवस्था की थी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने आरोप लगाया कि भाजपा राष्ट्रवाद और बेटी बचाओ का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। उन्होंने कहा कि यदि मोहन यादव सरकार मंत्रियों से इस्तीफा नहीं लेती है, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

### ओंकारेश्वर में रक्तदान करने फ्री वीआईपी दर्शन कर सकेंगे, 1 हफ्ते रहेगी व्यवस्था : कलेक्टर

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खंडवा** ● रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए खंडवा जिला प्रशासन ने एक अनोखी पहल की है। अब जो श्रद्धालु भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रक्तदान करेंगे, उन्हें मंदिर में फ्री वीआईपी प्रोटोकॉल दर्शन की सुविधा दी जाएगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि तीर्थस्थल ओंकार महाराज की नगरी ओंकारेश्वर में आने वाले श्रद्धालुओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। इच्छुक दर्शनार्थियों को पहले रक्तदान करना होगा, इसके बाद उन्हें प्रोटोकॉल के तहत फ्री दर्शन कराए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश जुगतावत ने बताया कि यह सुविधा 24 फरवरी दिन मंगलवार से शुरू होगी। यह व्यवस्था सिर्फ सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को लागू रहेगी। इन दो दिन के लिए जिला अस्पताल से रक्तदान कलेक्शन का वाहन और मेडिकल टीम ओंकारेश्वर में तैनात रहेगी। इस व्यवस्था को प्रतिदिन करने के लिए स्थायी स्टाफ का होना जरूरी हैं। साथ ही तमाम संसाधन लगते हैं। इसलिए 24 घंटे व्यवस्था को अमल में लाना मुश्किल हैं।

#### कोई भी व्यक्ति कर सकता हैं रक्तदान

इस नवाचार के लिए जिला प्रशासन को सुझाव देने वाले रक्तमित्र शैलू मंडलोई ने बताया कि, देश में कई ऐसे तीर्थ स्थल हैं, जहां रक्तदान कर वीआईपी दर्शन की सुविधा 24 घंटे चल रही हैं। जैसे तिरूपति बालाजी और सांई मंदिर शिरडी। यही सुझाव पिछले दिनों खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता को रक्तदान संबंधी एक बैठक में दिया था। जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देकर इस पर अमल कराया हैं। मंडलोई के अनुसार, 18 से 60 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति, जिसका वजन 45 किलोग्राम या उससे अधिक है, रक्तदान कर सकता है।

### 100 यूनिट रक्तदान, सिकल-सेल मरीजों को दिया जाएगा, खनिज अधिकारी के जन्मदिन पर आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● खनिज विभाग और माइनिंग क्रशर एसोसिएशन ने शुक्रवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। छह घंटे चले इस शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह रक्त सिकल सेल के गंभीर मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सुबह 11 बजे रक्षा हॉस्पिटल में हुआ। शिविर में खनिज अधिकारी सावन चौहान और जिला खेल अधिकारी पवी दुबे सहित खनन से जुड़े कारोबारी और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। युवाओं ने भी इस पहल में बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

खनिज अधिकारी सावनसिंह चौहान ने अपने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर रक्तदान कर वे दूसरों को भी प्रेरित करना चाहते हैं, क्योंकि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता और यह गंभीर मरीजों को जीवनदान देता है। जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीम और पैरामेडिकल स्टाफ ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। रक्तदाताओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।



डॉ. हितेश मुजाल्दे ने बताया कि सिकल सेल के मरीजों को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में, जहां ऐसे मरीजों को रक्त की निरंतर जरूरत पड़ती है। इसलिए उनके लिए रक्तदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### इंदौर की ब्यूटीशियन से रेप, बस ड्राइवर से हुआ प्यार, शादी का झांसा देकर कई बार किया दुष्कर्म

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा में ऑनलाइन बुकिंग से पार्लर का काम करने वाली एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला ने गुरुवार शाम को मामला दर्ज कराया। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर देर रात आरोपी बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने छैगांवमाखन थाना में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसका अपने पति के साथ तलाक का मामला इंदौर कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट के निर्देशानुसार अलग रहने के दौरान वह इंदौर से बस द्वारा खंडवा आ रही थी। इसी यात्रा में उसकी मुलाकात बस ड्राइवर से हुई। बातचीत के बाद आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और दोनों के बीच संपर्क बढ़ता गया। शिकायत में महिला ने बताया कि, इंदौर कोर्ट से तलाक के मामले में आदेश होने के बाद वह खंडवा में अपने मायके लौट रही थी। तभी बस ड्राइवर आरोपी जो कि मुझे पहले से जानता था।

### सुमित्रा कासडेकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बनीं

**दैनिक इंदौर संकेत**


**बुरहानपुर** ● भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकजसिंह तेकाम ने बुरहानपुर जिले के नेपानगर से पूर्व विधायक सुमित्रा कासडेकर को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंतखंडेलवाल की सहमति से की गई। शुक्रवार शाम बुरहानपुर विधायक और पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने श्रीमती कासडेकर का अंग वस्त्र पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया। विधायक चिटनिस ने इस अवसर पर कहा कि कासडेकर ऊर्जावान और भाजपा की निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि वे पार्टी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों में लगातार सक्रिय रहती हैं, और प्रदेश के जनजाति क्षेत्र में उनकी पकड़ से संगठन को मजबूती मिलेगी।



भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर मनोज माने ने कहा कि भाजपा संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पित भाव से काम करता है। इस दौरान महामंत्री चिंतामन महाजन, भाजपा कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक और पूर्व उपसरपंच सचिन मंडलकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# टी20 विश्व कप : सुपर-8 में आज होगा पाकिस्तान और न्यूजीलैंड का मुकाबला

**कोलंबो (एजेंसी) •** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर 8 में शनिवार को यहां पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। पाक टीम बड़ी मुश्किल से सुपर-8 में पहुंची है और उसका लक्ष्य किसी प्रकार जीत दर्ज कर आगे की संभावनएं बनाये रखना रहेगा। वहीं कीवी टीम का प्रदर्शन उससे कहीं अच्छा रहा है और ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच अब तक कुल 49 मैच खेले गए हैं। पाकिस्तान ने 24 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि न्यूजीलैंड ने 23 मैचों में जीत दर्ज की है।





पाक और न्यूजीलैंड ग्रुप स्तर में खेले 4 मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ सुपर-8 में पहुंची हैं। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान की अब तक अच्छी बल्लेबाजी कर पाये हैं। नामीबिया के खिलाफ खेले गए मुकाबले में फरहान ने शतकीय पारी खेली थी, ऐसे में पाक उनसे इस मैच में भी बड़ी पारी की उम्मीद करेगा। पाक के लिए समस्या यह रही है कि फरहान के अलावा टीम के अन्य बल्लेबाज अब तक असफल रहे हैं। ऐसे में कीवी टीम के खिलाफ टीम को सैम अयूब, बाबर आजम और कप्तान सलमान आगा से बड़ी पारी खेलनी होगी। उसके बल्लेबाजों को न्यूजीलैंड के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का मुकाबला करना होगा जो आसान नहीं है। शादाब खान ने पहले दौर में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छी भूमिका निभाई । वहीं, उस्मान तारिक विकेट लेने के साथ-साथ काफी कसी गेंदबाजी करते रहे हैं। पाक टीम अधिक स्पिनरों के साथ उतरेगी।दूसरी ओर, न्यूजीलैंड का प्रदर्शन ग्रुप स्तर पर अच्छा रहा है। टिम साइफर्ट सहित उसके बल्लेबाजों ने काफी रन बनाये हैं। सीफर्ट ने 4 मैचों में 173 रन बनाये हैं। कनाडा के खिलाफ 36 गेंदों में 76 रनों की आक्रामक पारी खेलकर ग्लेन फिलिप्स भी फॉर्म में लौट चुके हैं। कोलंबो की पिच आमतौर पर धीमी रहती है। यहां पर स्पिनर्स को काफी सहायता मिलती है और गेंद थोड़ा फंसकर बल्ले पर आती है। यही कारण है कि कोलंबो के इस मैदान पर ज्यादा बड़े स्कोर नहीं लगते हैं। इस मैदान पर पहली पारी में औसतन स्कोर 144 रन रहा है, जबकि दूसरी इनिंग का औसत स्कोर 129 रन है।

# भारत-ए टीम एशिया कप राइजिंग स्टार्स के फाइनल में

**बैंकॉक (एजेंसी) •** राधा यादव (चार विकेट और नाबाद 31 रन) के प्रदर्शन की बदौलत भारत-ए महिला टीम ने शुक्रवार को महिला एशिया कप राइड्क्षजग स्टार्स के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका-ए पर 39 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। राधा यादव को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 119 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत-ए महिला टीम ने 13.3 ओवर में पांच विकेट पर 119 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। भारत के लिए दिनेश वृंदा ने 20 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। अनुष्का शर्मा ने 18 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 27 रन बनाए। नंदिनी कश्यप (13), मिन्नू मनी (दो) और तेजल हसबनिस तीन रन बनाकर आउट हुई। कप्तान राधा यादव ने 18 गेंदों में सात चौके लगाते हुए नाबाद 31 रन की पारी खेली। राधा यादव ने 14वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई।



# प्रशंसकों के दिलों में अब भी छाये हुए हैं फेडरर

**न्यूपोर्ट (एजेंसी) •** स्विटजरलैंड के टेनिस स्टार रोजर फेडरर संन्यास के बाद भी प्रशंसकों के दिलों में छाये हुए हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फेडरर के टेनिस हॉल ऑफ़ फेम में शामिल करने के समारोह की सभी टिकटें कुछ ही मिनटों में बिक गयी हैं। इसके बाद आयोजकों ने आउटडोर पार्टी के लिए अलग से टिकट जारी किए पर वे भी एकदम से बिक गये। ऐसे आयोजकों ने प्रशंसकों से माफ मांगते हुए कहा है कि उनकी क्षमता सीमित है और वह अधिक टिकट जारी नहीं कर सकते हैं। आयोजक हॉल ऑफ़ फेम ने सोशल मीडिया पर कहा, ''आयोजन स्थल छोटा होने के कारण हमारी क्षमता सीमित है।'' आयोजकों के अनुसार उन्हें पहले से ही इस बात का अंदाज़ा था कि फेडरर को लेकर काफी उत्साह होगा, इस कारण अधिक से अधिक टिक जारी करने का प्रयास किया गया था। फेडरर को 29 अगस्त को प्रसारक मैरी कैरिलो के साथ हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया जाएगा।

# 'उड़ने की आशा' में हिमांशी की एंट्री



**मुंबई (एजेंसी) •** स्टार प्लस के शो 'उडने की आशा' में हिमांशी पराशर की सिमरन के रूप में बहुप्रतीक्षित एंट्री होने वाली है। हिमांशी पाराशर की एंट्री कहानी में एक बड़ा मोड़ लेकर आने वाली है। अमृतसर के खूबसूरत बैकड्रॉप पर आधारित इस कहानी में अब एक इमोशनल टर्न देखने को मिलेगा, जहां सचिन (कंवर ढिल्लों) शहर में एक ड्राइवर के तौर पर काम करता नजर आ रहा है, वहीं साइली (नेहा हरसोरा) भी अमृतसर पहुंचती हैं, लेकिन उसे आने वाले बदलावों का जरा भी अंदाजा नहीं है। इस सब के पीछे एक गहरी उथल-पुथल छिपी है। सचिन अपने दिल में एक बड़ा दुख लेकर काम पर निकल गया है, क्योंकि उसे यकीन है कि साइली ने उसे धोखा दिया है और उसका भरोसा तोड़ा है। आमने-सामने बात करने के बजाय उसने दूरी बनाना बेहतर समझा और अपना दर्द काम में भुलाने की उम्मीद लिए वह अमृतसर चला गया।

# वेब सीरीज 'हसरतें सीजन 3' को लेकर सुर्खियों में शिवांगी वर्मा

**मुंबई (एजेंसी) •** अभिनेत्री शिवांगी वर्मा इन दिनों वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें अभिनेत्री के एपिसोड का टाइटल 'मिडनाइट ब्राइड' है, जिसमें उन्होंने एक विधवा का किरदार निभाया है। बातचीत में शिवांगी ने बताया कि 'हसरतें' पहले से ही बेहद लोकप्रिय सीरीज है और वे इसकी फैन रही हैं। ऐसे में जब उन्हें 'सीजन 3' का हिस्सा बनने का मौका मिला, तो उनके लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने कहा, 'मैं मेकर्स की बेहद आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इस सीरीज के लिए चुना और मुझ पर भरोसा दिखाया। यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बहुत करीब है।' अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में बताया कि यह उनके असली व्यक्तित्व से बिल्कुल उलट है। असल जीवन में वे काफी मॉडर्न, फैशनेबल और स्टाइलिश हैं, जबकि शो में वे एक ऐसी विधवा बनी हैं जिन्हें समाज की रूढ़िवादी अपेक्षाओं के साथ दिखाया गया है। उन्होंने कहा, 'समाज में अक्सर विधवा महिलाओं पर मेकअप न करने, रंगीन कपड़े न पहनने और साधारण रहने जैसे कई दबाव डाल दिए जाते हैं। इस किरदार को निभाते हुए मुझे एहसास हुआ कि सादगी में भी अलग तरह की खूबसूरती होती है।' शिवांगी बताती हैं कि शूटिंग के दौरान उन्होंने पूरा प्रयास किया कि किरदार की भावनाओं और उसकी परिस्थितियों को सही तरह से दर्शाया जा सके। अपने काम के प्रति गंभीर रहने वाली शिवांगी कहती हैं कि उनके लिए कहानी सबसे अधिक मायने रखती है। यदि स्क्रिप्ट भावनाओं से जुड़ी हो और उन्हें बतौर अभिनेत्री चमकने का मौका दे, तो वे पूरी समर्पण के साथ प्रोजेक्ट का हिस्सा बनती हैं। उन्होंने कहा, 'अच्छी कहानी हो तो मैं बाकी चीजों को भूल जाती हूं। मैं खासकर महिला-केंद्रित किरदारों की ओर आकर्षित होती हूं, क्योंकि ऐसे रोल में भावनाओं और अभिव्यक्ति के कई आयाम होते हैं।' भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए शिवांगी ने बताया कि उन्हें रोमांटिक थ्रिलर करने की काफी इच्छा है। इसके अलावा यदि कोई दमदार बायोपिक का प्रस्ताव मिलता है, तो वह भी वे जरूर करना चाहेंगी।



## उज्जैन संभाग

# 33 हजार से अधिक नाम कटने पर शिकायत 'फॉर्म-7 के दुरुपयोग' का आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने का विवाद अब और गहरा गया है। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल द्वारा उठाई गई आपत्तियों के बाद, अब इस मामले में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने हस्तक्षेप किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर इस पूरे प्रकरण की सघन जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।

उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान 33,256 मतदाताओं के नाम विलोपित (काटे) गए हैं। एक ही विधानसभा से इतनी बड़ी संख्या में नाम कटने पर कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई थी।



भरत पोरवाल ने आरोप लगाया कि नाम काटने की प्रक्रिया में 'फॉर्म 7' का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया और झूठी आपत्तियों के आधार पर मतदाताओं को सूची से बाहर कर दिया गया। इतनी बड़ी संख्या में नाम काटे जाने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की थी। भरत पोरवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मांग की थी कि 21 फरवरी 2026 को होने वाले मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इसको लेकर सांसद दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा को एक पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने उज्जैन जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल के मूल आवेदन को संलग्न किया है। सिंह ने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि उज्जैन दक्षिण विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में हुई कथित अनियमितताओं का संज्ञान लें और इसकी जांच कर आवश्यक व समुचित कार्रवाई करें।

# त्योहारों से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च, रमजान और होली को देखते हुए पुलिस की अपील



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने शनिवार सुबह फ्लैग मार्च निकाला। शहर में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च टावर चौक से शुरू किया गया। होली, रंगपंचमी और रमजान को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के अलग-अलग संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। टावर चौक से शुरू हुआ यह मार्च तीन बत्ती चौराहा, माधव नगर रेलवे स्टेशन रोड, लोटी चौराहा होते हुए नीलगंगा और हरी फाटक रोड तक पहुंचा। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि नागरिक निर्भय होकर अपने त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना सकें, इसी उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने बताया कि यह मार्च मुख्य बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी किया गया, ताकि लोगों में सुरक्षा का विश्वास बना रहे।

# महाकाल का शाही रिसेप्शन 26 को, हल्दी-मेहंदी, महिला संगीत होगा, नगरकोट से निकलेगी बारात

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को बाबा महाकाल के दर्शन के बाद अब उज्जैन में एक बार फिर उत्सव का माहौल बनने जा रहा है। 26 फरवरी को बाबा महाकाल का 26वां शाही रिसेप्शन और भव्य नगर भोज आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। यह कार्यक्रम महाकाल आरती परिवार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस बार भी आयोजन नरसिंह घाट के सामने स्थित कुमावत धर्मशाला में संपन्न होगा। आयोजकों ने इस अवसर पर एक विशेष पत्रिका छपवाई है, जो पारंपरिक विवाह निमंत्रण की तरह तैयार की गई है। इसमें महिला संगीत, हल्दी-मेहंदी, गणपति पूजन, बारात और शुभ लग्न सहित सभी कार्यक्रमों का उल्लेख है। पत्रिका में 'दर्शनाभिलाषी: रिद्धि-सिद्धि संग श्री गणेश' और 'स्वागतातुर तैंतीस करोड़ देवी-देवता' का उल्लेख कर इसे धार्मिक भाव से सजाया गया है। मंगलवार से शहर में घर-घर और प्रतिष्ठानों पर पीले चावल के साथ निमंत्रण बांटना शुरू किया गया है। सबसे पहले निमंत्रण पत्रिका से चिंतामन गणेश भगवान को आमंत्रित किया गया, इसके बाद नगरकोट क्षेत्र में आमजन को आमंत्रण दिया गया।

### कार्यक्रम का शेड्यूल

25 फरवरी (बुधवार)- श्री गणपति पूजन, हल्दी-मेहंदी और महिला संगीत

26 फरवरी (गुरुवार)- सुबह 10 बजे गणपति पूजन, शाम 5 बजे शुभ लग्न और दोपहर 1 बजे से नगरकोट मंदिर से भव्य बारात का प्रस्थान

26 फरवरी (गुरुवार)- विशेष आकर्षण दोपहर 1 बजे से महिला संगीत- जिसमें हारमोनियम, तबले, सारंगी के साथ गायन और नृत्य होगा।

### नगरकोट से निकलेगी शाही बारात

आयोजक महेंद्र कटियार ने बताया कि बाबा महाकाल की भव्य बारात नगरकोट से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए शाम 7 बजे कुमावत धर्मशाला पहुंचेगी। बारात में प्रतीकात्मक रूप से भूत, चुड़ैल और पिशाच स्वरूप झांकियां भी शामिल होंगी, जिसमें श्रद्धालु भी भाग ले सकेंगे। बारात का स्वागत महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी रमन त्रिवेदी और दिनेश पुजारी द्वारा किया जाएगा।

### भजन संध्या और नगर भोज

रिसेप्शन के दौरान भक्ति संगीत का आयोजन भी होगा। भजन सम्राट किशन भगत, मनीष तिवारी और श्वेता जोशी अपने सुमधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। आयोजन के अंत में श्रद्धालुओं के लिए विशाल नगर भोज का आयोजन किया जाएगा। उज्जैन नगरी में इस अनूठे आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

# मकान बनाए अब इन्हें टूटने का खतरा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** उज्जैन-बड़नगर मार्ग के छोटे से गांव खरेट के ग्रामीण को इन दिनों आशियाने बचाने के लिए लड़ाई लड़ना पड़ रही हैं। किसी ने छोटी-मोटी जमीन खरीदी तो किसी को भू अधिकार के पट्टे मिले थे, जिन पर जैसे-तैसे घन बनाए और रहने लगे, लेकिन अब नया संकट आ गया। गांव के मुख्य मार्ग का विस्तार प्रस्तावित होने से इन घरों के टूटने का।

बड़नगर मार्ग पर ग्राम पंचायत नलवा है। जो कि पंचक्रोशी मार्ग का उपपड़ाव स्थल भी। इसी ग्राम पंचायत के तहत पास का छोटा-सा गांव खरेट भी आता है। पंचक्रोशी यात्री इन दोनों गांव से होकर गुजरते हैं। ग्राम रोजगार सहायक प्रकाश चंद्र चौहान ने बताया कि सिंहस्थ की तैयारियों के क्रम में पंचक्रोशी मार्ग का विस्तार होना है।

खरेट के अधिकांश ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं, जिससे नई समस्या खड़ी हो रही हैं। खरेट में जिस मार्ग को चौड़ा किया जाना है उसी के आसपास गांव की मुख्य आबादी बसी है। वर्तमान में ये मार्ग लगभग 12 फीट चौड़ा है। इसे करीब 30 फीट तक चौड़ा किया जाना है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई हैं कि उनके मकान नहीं तोड़े जाए। पंचक्रोशी यात्रियों के लिए मार्ग गांव से बाहर बायपास होकर बनाया जाए। पंचायत का लेखा-जोखा ग्राम पंचायत- नलवा सरपंच- रचना आंजना जनपद- उज्जैन आबादी- करीब 3 हजार मतदाता- 1967 ग्राम पंचायत में अन्य गांव- खरेट व फाजलपुरा।

# भूमाफिया के साथ गठजोड़ में तहसीलदार को हटाया लेकिन आवेदन तो सहकारिता प्रशासक ने किया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में भूमाफिया से घिरी संस्था हरियाणा गृह निर्माण सहकारी संस्था के मामले में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी को हटाया गया। संस्था में सहकारिता विभाग से नियुक्त प्रशासक केके जमरे ने ही कलेक्टोरेट में सीमांकन का आवेदन लगाया था। संस्था में सहकारिता विभाग से नियुक्त प्रशासक केके जमरे ने ही कलेक्टोरेट में सीमांकन का आवेदन लगाया था। यहां तक कि जमरे ने प्रशासन को पत्र लिखकर इस सीमाकंन काम में विवाद होने की आशंका जताते हुए सुरक्षा तक मांगी थी।

**पहले बताते हैं मामला क्या है**-हरियाणा गृह संस्था के खजराना की जमीन का सर्वे नंबर 1179 है। ये तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह के 4 नवंबर 2022 के सबसे अहम आदेश के तहत विवादित श्रेणी में दर्ज है। इसमें बिना सक्षम मंजूरी के इन सर्वे नंबर में कुछ भी नहीं किया जा सकता है। इसके लिए सीमांकन का आवेदन जनवरी माह में लगा था। इस आवेदन को राजस्व निरीक्षक मनीष चतुर्वेदी व पटवारी अक्षय शांडिल्य ने तहसीलदार प्रीति भिस्से के पास पुटअप किया था। इसे तहसीलदार ने सीमांकन के लिए मंजूर किया था। इसके बाद सीमांकन 14 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे तय किया था। इस निषेध सर्वे के सीमांकन के आदेश के चलते शिकायत हुई थी। इस पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने सख्त कार्रवाई की थी। कलेक्टर ने मंगलवार 17 फरवरी को तहसीलदार, आरआई और पटवारी तीनों को वर्तमान जगह से हटाने के आदेश दिए।

**पर आवेदन तो खुद प्रशासक ने लगाया**-अब इसमें सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। यह सीमांकन का आवेदन जिसे मंजूर करने में कलेक्टर ने कार्रवाई की है, वह किसी और ने नहीं बल्कि खुद संस्था के प्रशासक ने लगाया है। सहकारिता विभाग ने संस्था में



बोर्ड नहीं होने के चलते केके जमरे को प्रशासक नियुक्त किया हुआ है। जमरे ने ही सीमांकन के लिए आवेदन कलेक्टोरेट में लगाया है। साथ ही प्रशासन को इस सीमांकन काम के दौरान सुरक्षा उपलब्ध कराने तक का पत्र कलेक्टर को लिख दिया है। इस पत्र में लिखा कि- मैं केके जमरे प्रशासक हरियाणा गृह निर्माण संस्था हूं। संस्था के सर्वे नंबर 1179 के सीमांकन के लिए हमारे जरिए विधिवत आवेदन किया गया है। इस सीमांकन के लिए 14 फरवरी तय की गई है। इस सीमांकन के दौरान कुछ लोग शांति व्यवस्था को भंग कर परेशानी पैदा कर सकते हैं। इसिलए निवेदन है कि शांति से यह काम करने के लिए उचित कार्रवाई व सहायता प्रदान की जाए।

**तहसीलदार निरस्त कर चुकी थी आदेश**-वहीं सर्वे नंबर के निषेध की कैटेगरी में होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद तहसीलदार ने 13 फरवरी को ही आरआई चतुर्वेदी और पटवारी अक्षय शांडिल्य को नोटिस जारी कर दिया था। इसमें साफ कहा गया यह सीमांकन के आवेदन के सर्वे नंबर तो तत्कालीन कलेक्टर के 4 नवंबर 2022 के आदेश में संलग्न है। इस तथ्य से तहसील न्यायालय को अवगत नहीं कराया गया और सीमाकंन की सूचना जारी कर दी गई थी।

यह लापरवाही है और इसके लिए मप्र सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कार्रवाई की जाए। इसके लिए तीन दिन में जवाब दें। वहीं साथ ही तहसीलदार ने इसी दिन इस सीमांकन संबंधी आवेदन को निरस्त कर दिया है। इसमें आदेश लिखा कि यह सर्वे नंबर हरियाणा गृह सोसायटी का है। इसमें बिना सक्षम मंजूरी के कुछ भी करना निषेध है। ऐसे में आवेदन को इसी स्तर पर निरस्त किया जाता है।

**जमरे क्या बोल रहे**-जमरे का कहना है कि जमीन पर कब्जे हो रहे हैं। संस्था के सदस्य चिंतित थे और शिकायत की थी। इसलिए जमीन की नपती जरूरी थी। इसका जमीन की खरीदी बिक्री से लेना देना नहीं है। वैसे भी जमीन सरकारी नहीं हुई संस्था के नाम पर है।

### सहकारिता पर कार्रवाई क्यों नहीं

अब सवाल उठता है कि जब यह सर्वे नंबर निषेध की कैटेगरी में था। इसकी जानकारी सहकारिता विभाग को ही सबसे ज्यादा होगी। कारण है कि मामला पूरी तरह से सहकारिता विभाग से जुड़ा है, फिर उन्होंने सीमांकन के लिए आवेदन किया ही क्यों? संस्था के प्रशासक जो सहकारिता विभाग से होकर शासकीय अधिकारी है उन्होंने आवेदन किया था। साथ ही कलेक्टर को पत्र लिखकर इस काम के लिए सुरक्षा और मदद भी मांगी। खुद कहा भी कि इस काम में विवाद की स्थिति बन सकती है, तो फिर यह आवेदन उन्होंने किसी सक्षम मंजूरी से किया।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजयुमो करेगा कांग्रेस कार्यालय का घेराव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भाजयुमो नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने बताया कि दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन के खिलाफ आज 21 फरवरी को दोपहर 1 बजे भाजयुमो कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर आक्रामक प्रदर्शन करेगा। भाजयुमो नगर अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि आज पूरा विश्व भारत की तकनीकी क्षमता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई में नेतृत्व की सराहना कर रहा था, तब राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी घटिया कार्यशैली का परिचय देते हुए भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के स्थल के अंदर अर्धनग्न प्रदर्शन कर भारत की छवि धुमिल करने का प्रयास किया है। इस प्रकार के प्रदर्शन से पूरे राष्ट्र का सिर शर्म से झुका है, जिसके विरोध में 21 फरवरी को 1 बजे भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालयों का घेराव कर राहुल गांधी एवं कांग्रेस के विरोध में आक्रामक प्रदर्शन किया जायेगा।

### आरटीओ ने की स्कूली वाहनों पर कार्यवाही

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में स्कूली तथा अन्य वाहनों की चेकिंग का अभियान जारी है। अभियान में आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अमले द्वारा मांगलिया क्षेत्र के स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा सहित सभी दस्तावेज चेकिंग के साथ वाहनों का निरीक्षण भी किया गया। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीड गवर्नर की भी जांच की गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस दौरान 01 स्कूली वाहन बिना परमिट के पायी गई, जिसे जब्त किया गया। साथ ही 10 से अधिक वाहनों में विभिन्न कमियाँ पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर 56 हजार रुपये से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया। साथ ही बच्चों और उनके पालकों से फीडबैक भी लिया गया।

**इंदौर प्रशासन को घेरने में जुटे भूमाफिया**

# तहसीलदार के बाद एसडीएम को उलझाने की कोशिश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में भूमाफिया प्रशासन को निशाना बना रहे हैं। एसडीएम प्रदीप सोनी को एक साल पुराने केस में उलझाने का षडयंत्र चल रहा है। तहसीलदार के बाद अब एसडीएम को घेरने की कोशिश।

इंदौर में एक बार फिर से तेजी से भूमाफिया सक्रिय हो चुके हैं। वह जमीनों को अपने पक्ष में करने के लिए अब इंदौर कलेक्ट्रेट पर हमला कर रहे हैं। चार दिन पहले जूनी इंदौर तहसील की तहसीलदार के खिलाफ शिकायत करके कार्रवाई करवाई गई। अब इसी तहसील के एसडीएम प्रदीप सोनी को भी उलझाने का षडयंत्र सामने आया है।

एसडीएम जूनी प्रदीप सोनी ने मार्च 2025 में एक ऑनलाइन नक्शा दुरुस्ती आवेदन स्वीकार किया था। अब इसी मामले में शिकवा शिकायतों का दौर चला है। कहा गया कि यह सर्वे नंबर तो सोसायटी की जमीन के थे और इसे बिल्डर लॉबी के नाम कर दिया गया है। जमीन करोड़ों कीमत की बताई गई।

शिकायत में कहा गया की तहसील के निपानिया की 274/5 सर्वे नंबर जो सीलिंग के तहत है इसे संशोधित कर 279/1/1/1/1 और 279/1/2/3 करके कैच रियलिटी डायरेक्टर संजय लड्डा के नाम पर चढ़ा दिया गया। जिस पर चंद्रलीला होटल बना हुआ है। शिकायत में कहा गया कि यह सर्वे नंबर तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह द्वारा 4 नवंबर 2022 के निषेध सर्वे नंबर की सूची में शामिल है। जिसमें बिना सक्षम मंजूरी के कोई बदलाव नहीं हो सकता है। सर्वे नंबर कभी भी सीलिंग की जमीन में शामिल नहीं रहा है। मूल सर्वे नंबर 279 मिसल बंदोबस्त 1924 -25 के रिकॉर्ड से ही निजी भूमि रहा है।

ऑनलाइन नक्शे में इस सर्वे नंबर पर 274/5 शो हो रहा था जो गलत था। इसलिए रिकॉर्ड चेक करके और तहसीलदार निचले स्तर से रिपोर्ट लेकर ऑनलाइन नक्शे में सुधार किया गया। मार्च 2025 में आवेदन को स्वीकार करके इसमें ऑनलाइन नक्शे को संशोधित करके 279/1/1/1/1 और 279/1/2/3 करने के आदेश किय गए। ये सर्वे नंबर कभी भी सीलिंग की जमीन के रिकॉर्ड में और किसी समिति के नाम पर नहीं रहे।

इसके पहले हरियाणा समिति में लगे सीमांकन के आवेदन को लेकर भी शिकायत हुई थी। जिसमें जूनी इंदौर की तहसीलदार पर कार्रवाई करते हुए हटाया गया था। लेकिन इसमें भी 'द सूत्र' ने खुलासा किया था। इसके सीमांकन का आवेदन तो खुद सहकारिता विभाग के अधिकारी ने लगाया था। संस्था के सदस्यों ने जमीन पर कब्जे होनेंकी शिकायत की थी।

संस्था के प्रशासक ने सीमांकन का आवेदन लगाया था। और इस संबंध में कलेक्टर को पत्र भी लिखा था कि उन्हें सुरक्षा दी जाए क्योंकि क्योंकि सीमांकन में विवाद हो सकते हैं। जमीन पर कई लोग कब्जे कर रहे हैं।

### जूनी तहसील ही क्यों निशाने पर

दरअसल जूनी तहसील में इंदौर का अधिकांश हिस्सा आता है। और इसी में अधिकतम समिति की जमीन भी आती है। तहसील में हाल के समय कई जमीनों को अधिकृत करने के आदेश प्रशासन से हुए हैं। इसमें तहसील के अधिकारियों की अहम भूमिका रही। जैसे क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन को सरकारी घोषित करने का मुद्दा ही, होप मिल का मामला, इसी तरह आदर्श गृह निर्माण समिति के संबंध में भी आदेश। जिससे भूमाफिया और जमीन की जादूगरों को लंबा झटका लगा है। ऐसे मे अब ये प्रशासन को ही घेरने में जुटे हुए हैं।

# आयुक्त के नो रेड स्पॉट अभियान के तहत कार्रवाई के निर्देश



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जोन क्रमांक-11 अंतर्गत शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों-छावनी, सरवटे बस स्टैंड एवं इंदौर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और नो रेड स्पॉट अभियान की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रखर सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे आयुक्त सिंघल ने छावनी और सरवटे क्षेत्र सहित प्रमुख व्यावसायिक बाजारों में स्वच्छता की स्थिति का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि इन अत्यधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है, इसलिए यहां स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन अनिवार्य है। रेड स्पॉट अभियान के तहत निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने होटल, रेस्टोरेंट और विशेष रूप से पान दुकानों पर डस्टबिन के साथ पिकदान रखना अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की प्रवृत्ति रोकने के लिए प्रत्येक पान दुकान पर पिकदान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**तीन इलाकों में एक साथ छापे, बिना लाइसेंस और गंदगी में बन रही मिठाई पर सख्ती**

# होली पर मिलावट पर वार, 1600 किलो गुलाब जामुन जब्त किए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • होली से पहले मिलावट और असुरक्षित खाद्य सामग्री पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की तीन टीमों ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर सख्त कदम उठाए।

पालदा में बड़ी कार्रवाई, फैक्ट्री बंद: उद्योग नगर पालदा स्थित सतगुरु फूड्स पर 20 फरवरी को छापा मारा गया। निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर विशाल उदासी मौके पर खाद्य कारोबार संचालित करते पाए गए। परिसर में शाही गुलाब जामुन का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन हालात बेहद खराब मिले। इस पर टीम ने 800 ग्राम और 1500 ग्राम पैक के शाही



गुलाब जामुन के दो नमूने लिए तथा लगभग 1600 किलोग्राम तैयार सामग्री जब्त की। गंभीर अनियमितताओं के चलते प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया।

**रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई**-सभी नमूनों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट कहा है कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**पिपलिया राव में नमकीन का नमूना**- दूसरी टीम ने पिपलिया राव स्थित जय नमकीन (प्रोपराइटर संजय गोयल) से एक नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया और साफ-सफाई सुधारने के निर्देश दिए। तीसरी टीम ने रंजीत हनुमान मंदिर रोड स्थित राजकमल भोजनालय का निरीक्षण किया। यहां किचन और भंडारण कक्ष में खाद्य सामग्री का रख-रखाव अव्यवस्थित पाया गया।

# स्वास्थ्य योजनाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, सीईओ सख्त, लगाई-फटकार, लंबित प्रकरण तत्काल निपटाने निर्देश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • जिला पंचायत इंदौर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की अध्यक्षता में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं की धीमी प्रगति और लंबित प्रकरणों पर सख्त रुख अपनाया गया। सीईओ ने साफ कहा कि पात्र हितग्राहियों को लाभ देने में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

### देरी अब स्वीकार नहीं की जाएगी

*डीबीटी के तहत ई-केवाईसी लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही अनमोल पोर्टल पर प्रसव से संबंधित जानकारी समय पर दर्ज करने और एसएनए (सिंगल नोडल अकाउंट) के माध्यम से लंबित भुगतानों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि योजनाओं में मेकर, वेरिफायर और अप्रूवर स्तर पर किसी भी प्रकार की देरी अब स्वीकार नहीं की जाएगी और तय समय-सीमा में स्वीकृति सुनिश्चित करनी होगी।*

जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी लंबित प्रकरण समय-सीमा में निराकृत किए जाएं और अनावश्यक अटके मामलों को तत्काल बंद किया जाए। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और निगरानी पर भी विशेष जोर दिया गया। सीईओ ने निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी पंजीयन किया जाए।

**बैठक** | **संभागायुक्त और आईजी की संयुक्त अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी होगी**

# सभी त्योहार आपसी सद्भाव, शांति और सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर संभाग में आगामी सभी त्यौहार गौरवशाली परंपरा के अनुरूप आपसी सद्भाव, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे तथा हर हाल में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। कानून व्यवस्था के संबंध में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे और ग्रामीण आईजी अनुराग की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को संभागायुक्त कार्यालय में गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक में दी गई। वीडियों कॉन्फ्रेंस बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इंदौर से बैठक में पुलिस आयुक्त श्री अनुराग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की अपर संचालक श्रीमती सपना अनुराग जैन, विकास आयुक्त डी. एस. रणदा और उपायुक्त (राजस्व) सपना लोवंशी उपस्थित रहे। बैठक में आईजी अनुराग जैन ने संभाग की कानून व्यवस्था एवं सडक सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में रमजान, भगोरिया, होली, रंगपंचमी, ईद आदि पर्व सभी समुदाय के सहयोग से परम्परानुसार मनाए जाएंगे।

पुलिस बल की तैनाती हो

निर्देश दिए कि त्यौहारों के दौरान संभाग में सौहार्दपूर्ण वातावरण, शांति एवं कानून व्यवस्था हर हाल में बनी रहे। आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखते हुए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण किया जाए। साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष मॉनिटरिंग की जाएगी तथा अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा है। सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि संभाग के सभी जिलों में जनजातीय समाज का मुख्य पर्व भगोरिया एक सप्ताह से अधिक समय तक हर्षोल्लास से मनाया जाता है। भगोरिया मेले को बाहरी प्रदेशों से भी बडी संख्या में नागरिक आते है। हाट बाजारों में भीड उमडती है। अत महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए। संभाग के सभी जिलों में होली और रंगपंचमी पर भी धूम रहती है। होलिका दहन चिह्नित स्थानों पर किया जाए। शांति समिति की बैठक में ग्राम सुरक्षा समितियों का भी सहयोग लिया जाए। परम्परागत सडक मार्गों तथा शांतिपूर्ण तरीके से ही फाग और गेर यात्रा निकाली जाए। सभी नागरिक मिल जुल कर त्यौहार मनाए। किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। रमजान माह के दौरान मस्जिदों एवं बाजार क्षेत्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए त्यौहारों के दौरान प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे, ताकि इंदौर में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था की परंपरा अक्षुण्ण बनी रहे।

**योजनाओं का लाभ मिला**- संभागायुक्त डॉ. खाडे ने निर्देश दिए कि 'संकल्प से समाधान अभियान' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ मिले। हितग्राहियों के चयन के लिए ग्राम पंचायत से लेकर नगर निगम और नगर परिषदों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाए। लोकसेवा गारंटी योजना के प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण किया जाए।

### राजस्व वसूली समय सीमा में करें

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे ने कहा कि त्यौहार के दौरान वाहन चालक मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन नहीं चलाए। सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। टोल नाके पर सख्ती बढ़ाएं। डॉ. सुदाम खाडे ने कहा कि धार, बडवानी, खरगोन और आलीराजपुर में सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत डूब प्रभावित क्षेत्रों के भू-धारकों को भूमि आवंटन की रजिस्ट्री की जाए। साथ ही संभाग के सभी जिलों में सीमांकन, नामांकन, बटवारे के साथ राजस्व प्रकरण के निराकरण में तेजी लाए। राजस्व वसूली समय सीमा में करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।